UPHIN/2009/27457

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

# करण वाणी

● वर्ष : 08 ● अंक : 49 ● लखनऊ, सोमवार 1 जुलाई 2024 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08


4 मोदी के लिए अपरिहार्य कैसे बने...

5 परवरिश कार्ड फ्लिप बुक नींव का...

6 आम जनमानस को जागरूक किये...

# योग, भारतीय भाषा, संस्कृति का प्रसार गौरव का क्षणः मोदी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग, भारतीय भाषा एवं संस्कृति के दुनिया भर में प्रचार प्रसार को गौरव का क्षण बताया है और लोगों का आह्वान किया है कि इन्हें अपना कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस करें।

श्री मोदी ने श्री मोदी ने लोकसभा चुनावों के कारण तीन माह के अंतराल के बाद आकाशवाणी पर अपनी नियमित श्रृंखला 'मन की बात' के 111वें संस्करण में यह आह्वान किया और आने वाले त्योहारों पर लोगों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कुवैत के राष्ट्रीय रेडियो चैनल पर हिन्दी में प्रसारित होने वाले एक कार्यक्रम की एक क्लिप को साझा करते हुए कहा, ÷दरअसल, कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। और वो भी हिन्दी में। 'कुवैत रेडियो' पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहाँ भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहाँ तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत की सरकार और वहाँ के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने ये शानदार पहल की है।÷

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है, उससे किस भारतीय को खुशी नहीं होगी। अब जैसे, तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में वहाँ के राष्ट्रीय कवि की 300वीं जन्म-जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इनमें से एक प्रतिमा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की भी है। ये गुरुदेव का सम्मान है, भारत का सम्मान है। इसी तरह जून के महीने में दो कैरेबियाई देश सूरीनाम और सेंट विन्सेंट एंड गेनाडाइन्स ने अपनी भारतीय विरासत को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया।

उन्होंने कहा कि सूरीनाम में हिन्दुस्तानी समुदाय हर साल 5 जून को इंडियन अराइवल डे और प्रवासी दिन के रूप में मनाता है। यहाँ तो हिन्दी के साथ ही भोजपुरी भी खूब बोली जाती है। सेंट विन्सेंट एंड गेनाडाइन्स में रहने वाले हमारे भारतीय मूल के भाई-बहनों की संख्या भी करीब छः हजार है। उन सबको अपनी विरासत पर बहुत गर्व है। एक जून को इन सबने इंडियन अराइवल डे को जिस धूम-धाम से मनाया, उससे उनकी ये भावना साफ झलकती है। दुनियाभर में भारतीय विरासत और संस्कृति का जब ऐसा विस्तार दिखता है तो हर भारतीय को गर्व होता है।

विश्व योग दिवस की याद करते हुए श्री मोदी ने कहा, ÷इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है। मैं भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुआ था। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जैसे-जैसे योग दिवस का आयोजन आगे बढ़ रहा है, नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। दुनिया-भर में योग दिवस ने कई शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। सऊदी अरब में पहली बार एक महिला अल हनौफ साद जी ने योग अभ्यास कार्यक्रम का नेतृत्व किया। ये पहली बार है जब किसी सऊदी महिला ने किसी मुख्य योग सत्र को दिशानिर्देशन किया हो।

बाबा अभयनाथ, बाबा करतारपुरी की प्रतिमाओं का सीएम योगी ने किया अनावरण

# सनातन धर्म और भारत एक दूसरे के पूरकः योगी

▸▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजस्थान के खैरथल में संत समागम में हुए शामिल

एजेंसी




**खैरथल।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को यहां कोटकासिम के लाडपुर में आयोजित संत समागम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध बाबा सोमनाथ मंदिर में आयोजित तृतीय आठमान के विशाल भंडारा में भी हिस्सा लिया।

देशभर से यहां आए संतजनों का अभिवादन करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नाथ संप्रदाय भारत के सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पंथ है। हमारे सभी कार्यक्रम सनातन धर्म के आराध्य देवों, ऋषि-मुनियों, सिद्धों और संतों के प्रति समर्पित होते हैं। हमारा सनातन धर्म ही भारत की आत्मा है। सनातन धर्म और भारत एक दूसरे के पूरक हैं। भारत मजबूत होगा तो सनातन धर्म भी मजबूत होगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं नाथ पंथ में दीक्षित महाराज भर्तृहरि की पावन साधना स्थली इस लाडपुर गांव में प्रतिष्ठित संत बाबा सोमनाथ जी की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारे पूज्य संतों की साधना, समर्पण और लोककल्याण के कार्यक्रम सनातन धर्म और भारत को मजबूती देने के लिए होते हैं।

सिद्धसंत योगी खेतानाथ महाराज और उनके शिष्य पूज्यसंत महंत सोमनाथ ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए समर्पित किया था। उनकी साधना सनातन धर्म और अनुयायियों के लिए थी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्थान भक्ति और शक्ति की भूमि है। अरावली की पहाड़ियों में अनेकानेक संतों ने लोक कल्याण के लिए साधना की। योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन में उपस्थित तिजारा के सभी भक्तजनों का इस बात के लिए भी अभिनंदन किया कि उन सभी ने विधानसभा चुनाव में यहां से महंत बालकनाथ को जीत दिलाई।



## हाजी इकबाल का वीडियो आया सामने

**सहारनपुर।** पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल को लेकर आए दिन कोई न कोई मामला चर्चाओं में रहता है। पिछले कुछ साल से पुलिस का भी एक ही जवाब है कि हाजी इकबाल फरार है, जो हाथ नहीं आ रहा। वह कहां पर है इस बारे में भी कोई सुराग नहीं लग रहा। इन सबके बीच हाजी इकबाल की एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हाजी इकबाल एक केस के मामले में मिर्जापुर थाने के सब इंस्पेक्टर के सामने पेश हो रहा है। इसमें बाकायदा सब इंस्पेक्टर नाम, तारीख, दिन, स्थान और केस आदि के बारे में पूछ रहे हैं। इसमें हाजी इकबाल कह रहा है कि आज चार अप्रैल 2024 है और दोपहर के 12:33 बजे हैं। जब हाजी इकबाल से पूछा गया कि वह कहां पर हैं तो बताया कि वह यूएई देश के अलबरसा शहर में है। जब केस के बारे में पूछा गया तो हाजी इकबाल ने बताया कि वह सात अप्रैल 2022 से यूनिवर्सिटी के रिसर्च के काम से विदेश में है।

# बारिश से मौत पर दिल्ली सरकार का मरहम

▸▸ आश्रितों को 10 लाख रुपया देने का ऐलान

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में बारिश से हुई मौत के बाद अब मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का ऐलान किया गया है। दिल्ली सरकार की तरफ से इस मुआवजे का ऐलान किया गया है। दिल्ली सरकार ने 28 जून को हुई अत्यधिक बारिश के दौरान बाढ़ के पानी में डूब कर मरने वालों के परिजनों को मुआवजे के तौर पर 10 लाख रुपये देने का ऐलान किया है।

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एसीएम रेवन्यू को आदेश जारी किया है कि वो दिल्ली के विभिन्न इलाकों में स्थित अस्पतालों की मदद से यह पता लगाए कि बारिश के दौरान किन-किन लोगों की मौत हुई है।

केजरीवाल सरकार की मंत्री आतिशी की तरफ से कहा गया है, 28 जून को 228एमएम बारिश हुई थी। इस मूसलाधार बारिश में कई लोगों की मौत हो गई। यह निर्देश दिया जाता है कि इस भारी बारिश में जिन्होंने भी अपनी जान गंवाई है उनके परिजनों को 10 लाख रुपया मुआवजा दिया जाएगा। इसलिए एसीएम रेवन्य को यह आदेश दिया जाता है कि बारिश में मरने वालों की पहचान की जाए। दिल्ली पुलिस और अस्पतालों की मदद से मृतकों की पहचान की जाए और उन्हें तुरंत मुआवजे की राशि दी जाए।

बता दें कि इससे पहले दिल्ली में भारी बारिश के बाद दो अलग-अलग क्षेत्रों में अंडरपास में जलभराव वाले हिस्से में डूबने से दो लड़कों सहित तीन लोगों की मौत की खबर सामने आई थी। पहली घटना उत्तर-पश्चिम दिल्ली के समयपुर बादली में मेट्रो के पास सिरसपुर अंडरपास के निकट हुई, जहां शनिवार दोपहर ढाई से तीन फुट पानी भरा था। यहां दो लड़कों के डूबने की सूचना मिली थी। दूसरी घटना शुक्रवार सुबह छह बजे ओखला औद्योगिक क्षेत्र में हुई, जहां एक व्यक्ति अंडरपास के जलभराव वाले हिस्से में डूब गया था। व्यक्ति की पहचान जैतपुर निवासी दिग्विजय कुमार चौधरी (60) के रूप में हुई।

# 'मन की बात' में मोदी ने नहीं की कोई ढंग की बातः कांग्रेस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद रविवार को रेडियो पर पहली बार मन की बात की और उसे उम्मीद थी कि वह जनता के मुद्दों पर बात करेंगे, लेकिन उन्होंने आज भी कोई ढंग की बात नहीं की।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा श्री मोदी के मन की बात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार तीसरी बार बैसाखियों पर सत्ता में आई है और उन्हें उम्मीद थी कि वह 'मन की बात' में कोई ढंग की बात करेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और जनता के मुद्दे यहां भी नदारद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को रेल दुर्घटना, हवाई अड्डा में छत गिरने, घोटाले और अर्थव्यवस्था के गिरने जैसे मुद्दों पर बात करनी चाहिए थी।

देश का नौजवान और देश के आम नागरिक उनसे जो सुनना चाहते थे, उस पर उन्होंने कुछ नहीं कहा। श्री खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास किया है। वह नीट पेपर लीक पर कुछ नहीं बोले। वह जब चुनाव प्रचार करते थे तो दक्षिण की निंदा कर लोगों को लड़ाया करते थे लेकिन अब केरल की छतरी की बात कर रहे।

# मनोज कुमार ने संभाला यूपी के नए मुख्य सचिव का पदभार

संवाददाता



**लखनऊ।** मनोज कुमार सिंह ने रविवार को दुर्गा शंकर मिश्रा की जगह यूपी के नए मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्य भार ग्रहण करने से कुछ घंटे पहले ही मनोज कुमार के नाम का ऐलान किया गया था। टीएम योगी का अहम चेहरा मनोज कुमार सिंह की गिनती 'परफॉर्मर' के रूप में होती है। सीएम योगी के मंत्री 'डिलीवरी ऑन टाइम' के मंत्र को मनोज कुमार ने एक तरह से आत्मसात किया है। मनोज कुमार 'कुंभ से लेकर कोविड' और 'एग्रीकल्चर से लेकर इंडस्ट्री' तक योगी के विजन को साकार किया है। 2019 कुंभ में नोडल अधिकारी बनाए गए थे। वर्तमान में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त जैसे नीतिगत विषयों से जुड़े दो अति महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निर्वहन कर रहे मनोज कुमार सिंह अपर मुख्य सचिव पंचायती राज, खाद्य प्रसंस्करण, यूपीडा और उपशा के चेयरमैन तथा पिकप अध्यक्ष जैसे प्रदेश के विकास को गति देने वाले अति वरिष्ठ पदों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। कोविड काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज कुमार सिंह ने गांवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले ब्यूरोक्रेसी में कुछ ऐसे अधिकारियों को चिन्हित किया, जिनमें अनुभव और दक्षता तो हो ही। सत्यनिष्ठा के साथ-साथ कार्य करने के प्रति जीवटता और जुझारूपन भी हो।

# रोहित शर्मा ने लिया टी-20 से संन्यास

एजेंसी



**बारबाडोस।** भारत को दूसरा टी-20 विश्वकप खिताब दिलाने वाले टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रन मशीन विराट कोहली के टी-20 को अलविदा कहने के बाद कुछ देर बाद अपने संन्यास की घोषणा की।

विश्वकप फाइनल जीतने के बाद पत्रकारों से बातचीत मे रोहित ने कहा, यह मेरा भी आखिरी टी-20 मैच था। इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर लम्हा नहीं है। मैंने हर लम्हे का आनंद लिया है। मेरे करियर की शुरुआत ही इस प्रारूप के साथ हुई थी। मैं बस इस कप को जीतना चाहता था। उन्होंने कहा, मैं सच में इस कप को जीतना चाहता था। इसको शब्‍दों में बयां करना मुश्किल है। यह मेरे लिए बहुत भावुक पल है। मैं अपने करियर में सच में इस खिताब को चाहता था। मैं खुश हूं कि हम लाइन को पार कर पाए हैं।

# पत्र लिखकर किया जा रहा बीजेपी का बचाव

▸▸ अनुप्रिया पटेल पर अखिलेश का तंज

संवाददाता



**इटावा।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा पर हमला बोला। कहा कि भाजपा आरक्षण के साथ खिलवाड़ कर रही है। जब से भाजपा सरकार आई है तब उनका हर फैसला आरक्षण की मूल भावना के खिलाफ है। जातीय गणना कराकर आबादी के हिसाब से सबका सम्मान हो यही संविधान कहता है। यही बात बाबा साहेब, लोहिया जी समेत नेताजी चाहते थे।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के ओबीसी को लेकर मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र पर तंज कसा। कहा, जो लोग आज पत्र लिख रहे हैं वह भाजपा का बचाव कर रहे हैं। रविवार दोपहर भरथना में दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव के पौत्र आर्यन के शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे अखिलेश ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि दिल्ली व वाराणसी विश्वविद्यालय के नौकरी के आंकड़े निकालें तो पीडीए परिवार के लोग 15 प्रतिशत से ज्यादा नहीं दिखाई देंगे। बोले-भाजपा सरकार परीक्षाओं से खिलवाड़ खुद करती है और अंगुली दूसरे पर उठाते है।

नीट की परीक्षा ही ठीक से नहीं करा सके। उससे पहले की परीक्षाओं से खिलवाड़ किया गया। बड़ी संख्या में युवा व उनके परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक जुलाई को पार्टी की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम के तहत पार्टी नेता व कार्यकर्ता समाजवादी विचारधारा की जड़ों को मजबूत बनाएं।

उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव में भी भाजपा हारेगी। उन्होंने टी-20 विश्व कप जीतने पर इंडिया की टीम को बधाई दी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, अजय कुमार यादव ब्लॉक प्रमुख पति ध्रुव यादव मौजूद रहे। मुकेश यादव के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान विधायक प्रदीप यादव उनके पुत्र पुष्पेंद्र यादव रिंकू, मोहित यादव आंसू, हरिओम यादव, विनोद यादव कक्का आदि मौजूद रहे।

# संसद में आज महाभारत तय

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे सप्ताह में भाजपा नीत एनडीए सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक की संभावनाएं हैं। कल यानी 1 जुलाई को संसद की बैठक फिर से शुरू होगी, जिसमें नीट पेपर लीक विवाद, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर गर्मागर्म बहस की उम्मीद है। पहसे पत्र के पहले सप्ताह में विपक्ष नीट पेपर लीक विवाद को लेकर सरकार पर हमलावर था। विपक्ष ने मुद्दों पर आगे भी बहस चाहता है। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस से होगी। भाजपा हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर इस बहस की शुरुआत करेंगे, जबकि भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी और पहली बार सांसद बनीं बांसुरी स्वराज भी इस बहस में हिस्सा लेंगी।

# ओपी राजभर के विधायक बेदी राम ने तोड़ी चुप्पी

संवाददाता



**गाजीपुर।** ओपी राजभर की पार्टी सुभासपा के विधायक बेदी राम ने पेपर लीक को लेकर वायरल अपने वीडियो पर चुप्पी तोड़ी है। बेदी राम ने कहा कि वीडियो को फेक बताते इसकी ठीकरा विपक्ष पर फोड़ा है। कहा कि बदनाम करने के लिए एडिट किया गया वीडियो विपक्ष के लोग चला रहे हैं। विधायक ने कहा कि विपक्ष के लोग मेरी छवि को धूमिल करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। पेपर लीक मामलों में दो बार जेल जा चुके बिहार के पटना निवासी बिजेन्द्र गुप्ता ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के जखनिया से विधायक बेदी राम का नाम लेते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश में पेपर लीक का माफिया बताया था। इसके बाद विधायक बेदी राम का एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में वह पेपर लीक से जुड़ी बातचीत कर रहे हैं। वीडियो में वह रुपये लेकर भर्ती कराने की बात करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं।

## आज से वन महोत्सव शुरू

**लखनऊ।** योगी सरकार पहली जुलाई से वन महोत्सव का आयोजन कराएगी। यह महोत्सव सात जुलाई तक चलेगा। इस दौरान एक तरफ विरासत वृक्षों के संरक्षण पर सरकार का जोर रहेगा तो वहीं दूसरी तरफ पौधरोपण से संबंधित जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक समेत अनेक प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्कूली बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीते दिनों पड़ी बेतहाशा गर्मी को देखते हुए योगी सरकार का पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन पर भी पुनः विशेष जोर है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की कि एक या दो फलदार पौधे अवश्य लगाकर उनका संरक्षण करें।

# जमींदोज हुआ निर्माणाधीन पुल

▸▸ भारी बारिश के कारण हुआ हादसा

एजेंसी



**बिहार।** अब झारखंड में एक निर्माणाधीन पुल गिर गया है। यह पुल गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड में अरगा नदी पर बना रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार देर रात को हुई बारिश के बाद पुल का पिलर धंस गया था, जिसकी वजह से गर्डर टूटा और पुल जमींदोज हो गया। जानकारी के लिए बता दें कि इस पुल का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा साढ़े पांच करोड़ की लागत से करवाया जा रहा था।गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शनिवार रात भारी बारिश के कारण पुल का सिंगल-स्पैनगर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है।स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार की शाम को मूसलाधार बारिश की वजह से अरगा नदी का जलस्तर बढ़ गया था। रात करीब आठ बजे एक पाया टेढ़ा हो गया, जिसके बाद तेज आवाज के साथ निर्माणाधीन पुल का गर्डर टूट कर नदी में गिर गया। स्थानीय ग्रामीणों ने एक अन्य पिलर के टेढ़े होने की भी जानकारी दी है। बता दें, ओम नमः शिवाय नाम की कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस पुल को बनाने का ठेका मिला था।

# जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नए सेना प्रमुख का पदभार संभाला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को नया प्रमुख मिल चुका है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 30 जून 24 को भारतीय सेना की कमान संभाली। इससे पहले, वे 24 फरवरी से उप सेना प्रमुख थे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और तीन जीओसी-इन-सी प्रशस्ति पत्र मिल चुके हैं।

वे मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं और उन्होंने सैनिक स्कूल रीवा (एमपी) से पढ़ाई की है। वे जनवरी 1981 में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए और 15 दिसंबर 1984 को उन्हें जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में कमीशन मिला, जिसकी कमान उन्होंने बाद में कश्मीर घाटी और राजस्थान के रेगिस्तान में संभाली। अपने स्कूली दिनों से ही वे एक बेहतरीन खिलाड़ी थे और एनडीए और आईएमए दोनों में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जहां उन्हें फिजिकल ट्रेनिंग में ब्लू से सम्मानित किया गया। कमीशन मिलने के बाद भी उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा और फिजिकल ट्रेनिंग कोर्स में उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

जनरल ऑफिसर को उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी थिएटरों में रेगिस्तान, उच्च ऊंचाई, नदी, निर्मित क्षेत्र, उत्तर पूर्व और जम्मू और कश्मीर सहित विभिन्न इलाकों और परिचालन वातावरण में संतुलित प्रदर्शन का अनूठा गौरव प्राप्त है।

जनरल उपेंद्र ने कश्मीर घाटी और राजस्थान के रेगिस्तान में सक्रिय आतंकवाद विरोधी अभियानों में अपनी बटालियन की कमान संभाली। वे गहन सीटी ऑप्स में आईजीएआर (जीओसी) और सेक्टर कमांडर असम राइफल्स रहे हैं और उत्तर पूर्व में विभिन्न अन्य स्टाफ और कमांड नियुक्तियों पर रहे हैं, जहां उन्होंने भारत-म्यांमार सीमा प्रबंधन पर पहली बार संग्रह तैयार किया। इसके बाद उन्होंने बेहद चुनौतीपूर्ण परिचालन वातावरण में 2022-2024 तक पश्चिमी मोर्चे पर राइजिंग स्टार कोर और प्रतिष्ठित उत्तरी सेना की कमान संभाली।

## संक्षिप्त खबरें

### होटल के कमरे में पड़ा मिला बैंक पीओ का शव

**लखनऊ।** हरियाणा के अंबाला निवासी नवीन कुमार (31) कैनरा बैंक में पीओ के पद पर तैनात थे। पुलिस के अनुसार 26 मई की रात वह अपने कुछ साथियों के साथ ट्रेनिंग के सिलसिले में लखनऊ आए थे। ये सभी लोग सेक्टर-8 स्थित होटल एवीपीएस में ठहरे थे। नवीन कमरा नंबर 210 में ठहरे थे। बीती रात नवीन की तबीयत अचानक खराब हुई। साथी उनको पास में ही स्थित सुषमा अस्पताल ले गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। नवीन होटल के कमरे वापस पहुंचे और सो गए। सुबह 11 बजे जब वह सोकर नहीं उठे तो साथियों ने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया, पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर पहुंची गाजीपुर पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो नवीन का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय का कहना है कि शुरुआती जांच में इस बात का पता चला है कि नवीन की मौत बीमारी के चलते हुई है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगा।

### मुख्य प्रबंधक के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज किया मुकदमा

**लखनऊ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच ने बैंक आफ बड़ौदा की ललितपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक भाष्कर द्विवेदी के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में भ्रष्टाचार की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सीबीआई ने इंस्पेक्टर संदीप थलोर की तहरीर पर भ्रष्टाचार निरोधक कानून 1988 की धारा 13(2) व 13(1)(ई) तथा भ्रष्टाचार निरोधक कानून 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) व 13(1)(बी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह तहरीर उनकी जांच रिपोर्ट पर आधारित है। मुकदमे की विवेचना इंस्पेक्टर अंकुर त्रिपाठी को सौंपी गई है। इंस्पेक्टर संदीप थलोर की जांच में पता चला कि भाष्कर द्विवेदी ने पहली नवंबर 2017 से पहली मई 2023 के बीच अपनी आय से कुल 126.41 प्रतिशत अधिक संपत्ति बनाई। इस अवधि में उनकी कुल आय 58,22,000 रुपये थी जबकि इसी अवधि में उन्होंने 1,10,19,900 रुपये की परिसंत्तियां बनाईं और 21,62,000 रुपये अन्य मदों में खर्च किए। भाष्कर द्विवेदी जुलाई 2008 में विजया बैंक में आफिसर स्केल-वन में भर्ती हुए थे, जिसका बाद में बैंक आफ बड़ौदा में विलय हो गया।

### पीएम मोदी भोजपुरी भाषा और संस्कृति के विरोधीः कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वाराणसी में कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय की भोजपुरी भाषा में लिखी गई अपील को प्रकाशित कराने की अनुमति नहीं दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोजपुरी भाषा व संस्कृति के विरोधी हैं, जबकि वाराणसी भोजपुरी संस्कृति की राजधानी है। वाराणसी में चुनाव गुजराती बनाम स्थानीय है। सीपी राय ने कहा कि बनारस से कोलकाता तक जहाज चलाने का वादा किया था। लेकिन वादे हवा हवाई है, कोई कार्य नहीं किया। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनाव में हार होने जा रही है।

### रेलवे ट्रैक पर गिरा पेड़, चार ट्रेनें पांच घंटे फंसीं

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के मैलानी से बांकेगंज रेलखंड पर गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई, जिसकी वजह से इस रेलखंड में दौड़ रही चार ट्रेनें अलग-अलग जगहों पर खड़ी हो गई। घंटों रेलवे ट्रैक बाधित होने पर यात्रियों ने एक्स पर शिकायत की। आनन-फानन में रेल कर्मी रात में मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को हटाकर ओएचई लाइन जोड़ी गइ, जिसके बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य हुआ। जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई थी। इस दौरान चार ट्रेनों को विभिन्न स्थानों पर रोकना पड़ा। इस वजह से ट्रेनें पांच घंटे तक खड़ी रहीं। इस दौरान यात्रियों को ढेरों परेशानी का सामना करना। ट्रेन लेट होने से यात्रियों ने अपनी पीड़ा एक्स पर जाहिर की। इस दौरान पेड़ गिरने की वजह से ट्रेन नंबर 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15060 आनंद विहार लालकुआं एक्सप्रेस, 05493 शाहगढ़-डालीगंज एक्सप्रेस पांच-पांच घंटे लेट पहुंची जबकि ट्रेन नंबर 05492 डालीगंज-शाहगढ़ पैसेंजर ढाई घंटे लेट रही।

### पुलिस कमिश्नर को फर्जी आईडी से भेजा ई-मेल, मुकदमा

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नर लखनऊ की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर indiancybercrimeunit@gmail.com से एक मेल भेजा गया जिसमें कोर्ट आर्डर की कॉपी लगाते हुए चाइल्ड पोनोग्राफी के संबंध में जवाब मांगा गया। फर्जी आईडी से ई-मेल आने की सूचना जेसीपी कानून एवं व्यवस्था को दी गई। जिनके निर्देश पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है।

साइबर क्राइम थाने में तैनात दरोगा गुलाम हुसैन ने मुकदमा दर्ज कराया है। उनके मुताबिक सात मई की शाम करीब छह बजे पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर की आधिकारिक ई-मेल cp-pol.lu@up.gov.in पर indiancybercrimeunit@gmail.com से एक मेल भेजा गया जिसमें चाइल्ड पोनोग्राफी और महिला संबंधी अपराध के मामले में 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया। आरोपियों ने फर्जी कोर्ट आर्डर भी अपलोड किया था। जिसमें सीबीआई की मोहर भी लगाई थी। पुलिस कमिश्नर की आईडी पर आए फर्जी ई-मेल को गम्भीरता से लेते हुए जांच शुरू की गई जेसीपी कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने साइबर क्राइम थाने को ई-मेल भेजने वाले आईपी एड्रेस को ट्रैक करने के निर्देश दिए हैं। अभी तक की पड़ताल में साइबर ठगों की तरफ से ई-मेल भेजे जाने की बात सामने आई है विस्तृत जांच के लिए गूगल हेडक्वार्टर से ई-मेल आईडी बनाने वाले आईपी एड्रेस की डिटेल मांगी गई है। इसके साथ ही यह आईडी किसी लोकेशन से इस्तेमाल हो रही है। इसकी जांच भी पुलिस कर रही है।

### अश्लील वीडियो वायरल करने का झांसा देकर 50 हजार ऐंठे

**लखनऊ।** नगराम में जालसाज ने अश्लील वीडियो वायरल करने का झांसा देकर युवती से 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया कि सोमवार को उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन उठाते ही जालसाज ने कहा कि उनका अश्लील वीडियो उसके पास है। वह धमकाने लगा कि 50 रुपये तुरंत खाते में भेजा तो वह वीडियो वायरल कर देगा। बातों में आकर उन्होंने 50 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद और मांग बढ़ने पर उन्होंने परिवार वालों को बताया। इसके बाद उन्होंने फोन किया तो जालसाज से संपर्क नहीं हो सका तो उन्हें खुद के साथ ठगी का एहसास हुआ। थाना प्रभारी नगराम विवेक चौधरी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### घर में घुस कर की महिला से छेड़छाड़

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली में महिला ने पड़ोसी के खिलाफ घर में घुस कर छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के मुताबिक 28 मई को वह घर में अकेले थी। पति ई-रिक्शा चलाने गए हुए थे। इस बीच राजाखेड़ा निवासी मनोज घर में घुस आया। आरोपी ने महलिा के साथ गलत हरकत की। विरोध करने पर गाली गलौज करने लगा। इस बीच महिला का पति घर आ गया। जिसने मनोज को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी मारपीट कर भाग निकला। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गोमतीनगर में तीन दिन से लापता पेंटर का शव मिला

**लखनऊ।** गोमतीनगर में तीन दिन से लापता पेंटर का शव गुरुवार को हैनीमैन क्रासिंग के पास मिला। उसके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोमतीनगर विराज खंड पांच निवासी संजय यादव के मुताबिक भाई सुशील यादव (32) पेंटिंग का काम करता था वह नशे का आदी था। सुशील सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में कुछ समय से पेंटिंग का काम कर रहा था। पांच दिन पहले वह घर से काम पर गया था। तीन दिन पहले वह काम कर साइट के निकला था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चल सका था। गुरुवार को वह खोजते हुए वह सिविल अस्पताल पहुंचे तो पता लगा कि उसकी मौत हो चुकी है। शव पोस्टमार्टम हाउस पर है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त भाई सुशील यादव के रूप में की। सुशील का शव शुक्रवार को हैनीमैन क्रासिंग के पास मिला था। इंस्पेक्टर गोमतीनगर के मुताबिक परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# दो वर्ष से दो जोन में फंसी मंजू को मिला इंसाफ

▸▸ हरीनगर निवासी मंजू रस्तोगी का मकान बशीरतगंज गणेश गणेशगंज वार्ड में है। पहले यह नगर निगम के जोन दो में आता था। परिसीमन के बाद जोन एक में आ गया।

संवाददाता

**लखनऊ।** हरीनगर निवासी मंजू रस्तोगी का मकान बशीरतगंज गणेश गणेशगंज वार्ड में है। पहले यह नगर निगम के जोन दो में आता था। परिसीमन के बाद जोन एक में आ गया। 2020 तक उन्होंने जोन दो में ही टैक्स जमा किया था। जोन एक में उनका कोई रिकॉर्ड ही नहीं था। वह जोन दो में टैक्स देने पहुंची तो जोन दो के कर्मचारियों ने उन्हें जोन एक भेज दिया। जोन एक से उन्हें नोटिस भी जारी हुई लेकिन जोन एक भी टैक्स जमा करने को तैयार नहीं था। उसने फिर जोन दो भेज दिया। इस तरह जोन एक व दो के सीमा विवाद में उनके घर का टैक्स फंसा था। करीब दो वर्ष से वह और उनका परिवार नगर निगम के चक्कर लगा रहा था, लेकिन अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे थे।

शुक्रवार को नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को कैंप में समस्या बतायी तो नगर आयुक्त ने दोनों जोनों के अधिकारियों को बुला लिया। कुछ ही मिनट में समस्या दूर कर दी गई। अकेले वे ही नहीं, उनके जैसे 258 लोगों के चेहरों पर भी मुस्कान देखने मिली। कैंप में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, डॉ अरविंद राव ने समस्याएं सुनीं। नगर निगम मुख्यालय में लगे जीआईएस सर्वे समाधान दिवस कैंप में 258 लोग समस्याएं लेकर पहुंचे थे। इनमें सभी की समस्या का निदान कैंप में कर दिया गया। कैम्प में शिकायत लेकर आने वाले 100 प्रतिशत लोगों के टैक्स कम हो गए। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। नगर आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह खुद भी पूरे समय कैंप में बैठे रहे, जिससे कोई अधिकारी इधर-उधर नहीं जा पाया।

रुचि खंड एक शारदा नगर योजना के शिव बहादुर श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया कि उनके ईडब्ल्यूएस मकान जिसका नंबर 3/125 तथा 3/126 है। उसका हाउस टैक्स 2023-24 तक केवल 674 रुपए था। अब जीआईएस से 59,529 हो गया है। उनका कहना है कि वह हाउस टैक्स जमा कर रहे हैं।

फिर भी इतना बढ़ा दिया गया। नगर आयुक्त ने जोन 8 के जोनल अधिकारी अजीत राय को तत्काल बुलाकर इनका हाउस टैक्स सही कराया। इससे वह बहुत प्रसंन्न हुए। समाधान दिवस में जोनवार 258 शिकायतें आयीं। सभी का निस्तारण मौके पर ही हो गया।

## आज शाम साढ़े छह बजे से पहले एक्जिट पोल दिखाया तो मिलेगा दण्ड

**लखनऊ।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के शनिवार को सम्पन्न होने के बाद शाम साढ़े छह बजे से पहले प्रचार माध्यमों पर चुनाव के संभावित नतीजों के आंकलन और विश्लेषण पर पाबंदी लगा दी है। इसका उल्लंघन करने वाले दण्ड के भागीदार होंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि एग्जिट पोल तथा ओपिनियन पोल पर लगाये गये प्रतिबन्धों का उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की उप-धाराओं के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इसका उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों दण्ड दिए जा सकते हैं। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा उप चुनाव से संबंधित एग्जिट पोल तथा ओपिनियन पोल पर शनिवार पहली जून को शाम साढ़े छह बजे तक पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

# कोर्ट परिसर में पिस्टल के साथ पहुंचा अपराधी

▸▸ जज की गाड़ियों के पास कर रहा था रेकी

संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी के जिला न्यायालय में शुक्रवार को पेशी पर आए एक अपराधी के पास पिस्टल मिलने से हड़कंप मच गया। कोर्ट में मौजूद वकीलों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, जिस व्यक्ति के पास कोर्ट परिसर में पिस्टल बरामद हुई है, वह जज पार्किंग के पास टहल रहा था।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को वजीरगंज थानांतर्गत जिला न्यायालय में स्थित जज पार्किंग के पास एक व्यक्ति पिस्टल के साथ जज की गाड़ियों के पास खड़ा था। अधिवक्ताओं ने पुलिस को सूचना दी कि एक संदिग्ध युवक जज की गाड़ियों के पास रेकी करता हुआ दिख रहा है। जिसके बाद आरोपी युवक को पुलिस ने पिस्टल के साथ हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी युवक चंद्रपाल सिंह है, जिसके खिलाफ कई थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। डीसीपी वेस्ट दुर्गेश कुमार के मुताबिक, चंद्रपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ वह न्यायधीश की गाड़ियों के पास क्या कर रहा था, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। इसके अलावा कोर्ट के गेट पर सुरक्षाकर्मियों के मौजूद होने के बाद भी वह कोर्ट परिसर में पिस्टल कैसे ले आया, इसकी भी जांच करवाई जा रही है। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता की मौत,हत्या का आरोप

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में गुरुवार रात विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। तीन माह पहले उसकी शादी हुई थी। मां ने बेटी की हत्या कर फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। खदरा निवासी राधा के मुताबिक बेटी शिवी (23) की शादी तीन माह पहले ठाकुरगंज के धनिया महरी पुल निवासी रवि गुप्ता के साथ की थी। रवि सब्जी पूड़ी की दुकान चलाता है। ससुराल वाले छोटी- छोटी बात पर परेशान करते थे। बेटी शिवी दो दिन पहले ही मायके से ससुराल गई थी। गुरुवार रात दामाद रवि ने फोन कर बताया कि शिवी ने फांसी लगा ली है। उसे एरा मेडिकल कॉलेज ले कर आए हैं। भागकर वह अस्पताल पहुंचती तो शिवी की मौत हो चुकी थी। राधा का आरोप है कि शिवी के ससुराल वालों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर फंदे से लटकाया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए अवश्य करें मतदानः सीएम योगी

संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सातवें और अंतिम चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। सीएम योगी ने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा की आपका अमूल्य वोट आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। उल्लेखनीय है कि सातवां चरण उत्तर प्रदेश के लिए बेहद अहम है, क्योंकि इस चरण में वाराणसी से पीएम मोदी स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि गोरखपुर में भी मतदान होना है जो सीएम योगी का अपना क्षेत्र है।

सीएम योगी ने सातवें चरण में मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा, ÷लोक सभा चुनाव का आज सातवां चरण है। सम्मानित मतदाताओं से मेरी अपील है कि %आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत%के निर्माण और रामराज्यकी संकल्पना को साकार



करने हेतु मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। इसलिए, पहले मतदान, फिर जलपान।

मालूम हो कि शनिवार को देश भर में 57 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न होगा। वहीं, उत्तर प्रदेश के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के साथ ही दुद्धी विधान सभा उप निर्वाचन के लिए भी मतदान होना है। यूपी की जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है उनमें महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अ0जा0), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज (अ0जा0) शामिल हैं। वहीं दुद्धी विधानसभा सोनभद्र जनपद में आती है।

# यूट्यूब पर खोजा नाइट्रोजन से आत्महत्या का तरीका...

▸▸ सुसाइड नोट में सिद्धार्थ ने दो और तरीकों की बात की

संवाददाता

**लखनऊ।** मैंने यू-ट्यूब पर खुदकुशी करने के तरीके सर्च किए...जिसमें कई तरीके देखे...अधिकतर तरीके ऐसे थे जिनसे मौत बेहद दर्दनाक होती..। तभी नाइट्रोजन से किस तरह आत्महत्या की जा सकती है, ये देखा। फिर यही तरीका अपना रहा हूं। ये इसलिए..ताकि मौत आसान हो।

हैरान करने वाले तरीके से खुदकुशी करने को लेकर सिद्धार्थ ने ये बातें सुसाइड नोट में लिखी हैं। सुसाइड नोट के मुताबिक उसने इसके अलावा दो और तरीके से सुसाइड करने के बारे में सर्च किया, जिसमें पहला था जहर खाकर और दूसरा था फांसी लगाकर। ये भी पता करने की कोशिश की कि किसमें कितना वक्त लगेगा, किसमें कितनी तकलीफ होगी और खुदकुशी के बाद शरीर पर क्या असर पड़ेगा। नाइट्रोजन से खुदकुशी के बारे में सर्च करने पर जब पता चला कि महज 40-50 सेकंड में ही मौत हो जाएगी, तो उसने यही तरीका जान देने के लिए तय किया।

भोपाल में रह रहे लखनऊ के आईटी प्रोफेशनल सिद्धार्थ खुराना ने नाइट्रोजन सिलेंडर की मदद से आत्महत्या कर ली। महानगर निवासी किराना व्यापारी अरुण खुराना का बेटा सिद्धार्थ भोपाल में मिसेदा थानाक्षेत्र स्थित निरूपम रॉयल इमारत के फ्लैट में किराये पर रहता था। सिद्धार्थ पहले आईटी कंपनी में काम करते थे, लेकिन छह महीने से वर्क फ्रॉम होम काम कर रहे थे।

**कब्जे में लिया मोबाइलः** स्थानीय पुलिस ने सिद्धार्थ का मोबाइल कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

पुलिस उसके साथ रहने वाली महिला मित्र से भी पूछताछ कर उनके बयान दर्ज करेगी। सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग की भी फोरेंसिक जांच की जाएगी। पुलिस तफ्तीश कर पता करेगी कि खुदकुशी की वजह कोई शख्स तो नहीं? अगर इससे संबंधित कोई साक्ष्य मिलते हैं तो पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

**खुदकुशी की वजह गंभीर बीमारी या फिर कोई और कारणः** पुलिस को सिद्धार्थ के परिजनों ने बताया कि उनका बेटा गंभीर बीमारी की वजह से परेशान चल रहा था। अब सवाल है कि क्या खुदकुशी करने के पीछे यही बीमारी है। या फिर कोई और कारण। पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ये स्पष्ट हो सकेगा।

# ठाकुरगंज पुलिस ने कराया बुजुर्ग का अंतिम संस्कार



संवाददाता

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में गुरुवार को बुजुर्ग की बीमारी से मौत हो गई। उनके परिवार में कोई नहीं था। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची ठाकुरगंज पुलिस ने शुक्रवार को बुजुर्ग का अंतिम संस्कार करवाया।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक गुरुवार को फरीदीपुर स्थित घर में राम नारायण मौर्य (65) की बीमारी के चलते मौत होने की सूचना मिली। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो वहां उनके परिवार का कोई भी सदस्य नहीं था। पड़ोसियों ने बताया कि राम नारायण घर में अकेले रहते थे। वह घर के बाहर चाय का होटल चलाते थे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजवा दिया गया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार, इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय व अन्य पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग की अर्थी को कंधा दिया। पुलिस ने राम नारायण के शव का अंतिम संस्कार गुलाले घाट पर करवाया। पुलिस का यह चेहरा देख हर कोई उनकी तारीफ कर रहा था।

# एलडीए के पांच अपार्टमेंट के निर्माण में ढेरों खामियां

संवाददाता

**लखनऊ।** एलडीए के पांच अपार्टमेंट में बड़े पैमाने पर खामियां पाई गई हैं। इनकी फिनिशिंग में बड़ी लापरवाही मिली है। बाकी तमाम काम भी काफी खराब मिले हैं। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। समिति शनिवार को प्राधिकरण उपाध्यक्ष, कमिश्नर और शासन को जांच रिपोर्ट भेजेगी। एलडीए के पांच अपार्टमेंट की हालत काफी खराब है। प्राधिकरण वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी निरीक्षण को पहुंचे तो दंग रह गए। स्थिति बेहद खराब मिलने पर जांच का आदेश दिया गया। एलडीए सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई। इसमें अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, एलडीए मुख्य अभियंता एके सिंह, पीयू के मुख्य अभियंता बतौर सदस्य शामिल किए गए। समिति ने 25 मई को इनका विस्तृत निरीक्षण किया था। रिपोर्ट में एलडीए इंजीनियरों का कहना है कि फ्लैटों में बहुत खामियां हैं। इनका निर्माण वर्ष 2014 से 2017 के बीच हुआ था। तत्कालीन अधिकारियों ने बेहद लापरवाही बरती। इस वजह से ये खंडहर दिख रहे हैं। कोई भी इन्हें खरीदने को तैयार नहीं है।

**ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के साथ खामियां दूर करने को नोटिसः** एलडीए के रतनलोक अपार्टमेंट, आद्रा अपार्टमेंट, रश्मि लोक अपार्टमेंट, मिर्गसिरा अपार्टमेंट और प्रधानमंत्री आवास योजना शारदा नगर, बसंत कुंज के मकानों की दशा खराब है। इन सभी का निर्माण ठेकेदार मेसर्स प्रताप हाइट्स ने किया था। पीएम आवास को छोड़कर भी इसके बनाए फ्लैट बिक नहीं रहे हैं। अब जांच कमेटी फ्लैटों का सुधार इसी बिल्डर से कराने की सिफारिश करने जा रही है। बिल्डर को अपार्टमेंट की सभी खामियों को दूर कराना होगा। न कराने पर प्राधिकरण इसे उसके हर्जे खर्चे पर खुद कराएगा।

## दो अलग-अलग तहसीलों के अंतर्गत करोड़ो से अधिक की सरकारी सम्पत्तियां हुई कब्ज़ा मुक्त

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों/संपत्तियों को कब्ज़ा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। अभी तक करोड़ो रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमि/संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है।उसी क्रम मे आज सरोजनीनगर तहसील के ग्राम कासिमपुर पकरी एवं बी.के.टी. तहसील के ग्राम रसूलपुर कायस्थ अंतर्गत सरकारी भूमियों को कब्ज़ा मुक्त कराया गया। सरोजनी नगर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम - कासिमपुर पकरी की खसरा संख्या 46 क्षेवफल 0.1010 हे. तालाब की भूमि है जो नगर निगम में निहित संपत्ति है। पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में उक्त खसरा संख्या पर किये गए अवैध कब्जे को नीरज कटियार नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव, मनोज आर्य, अनूप गुप्ता, राजेन्द्र यादव द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हटवा दिया गया। शेष स्थाई निर्माण के सम्बन्ध में पी.पी. एक्ट की कार्यवाही प्रचलित की जाएगी। उक्त अवैध कब्जों से 2500 वर्गफुट रिक्त कराई गई, जिसकी बाजारू कीमत 1,2500000 (एक करोड़ पच्चीस लाख) के लगभण है।

इसके अतिरिक्त शुक्रवार को बीकेटी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम रसुलपुर कायस्थ के गाटा स0 137 व 123 चारागाह की भूमि है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम रसूलपुर कायस्थ तहसील बी.के.टी. लखनऊ में गाटा स0 137 व 12 3 पर जो नगर निगम में निहित भूमि है,उस पर कुछ व्यक्तियो द्वारा इंट, बालू, डालकर कब्जे का प्रयास किया गया। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह व लेखपाल संदीप, प्रदीप गिरी, एवं रा0नि0 अविनाश तिवारी के साथ जाकर उक्त स्थल पर से अतिक्रमण हटा दिया गया।

# अहिल्याबाई होल्कर ने जाति भेद से ऊपर उठकर काम कियाः संजय श्रीहर्ष

▸▸ महिला सशक्तिकरण व राम राज्य का अनूठा उदाहरण अहिल्याबाई होल्कर का शासन

संवाददाता

**लखनऊ।** सामाजिक असमरसता मंच अवध प्रान्त की ओर से शुक्रवार को विश्व संवाद केन्द्र जियामऊ के अधीश सभागार में सामाजिक समरसता के आधार पर अहिल्याबाई होलकर का लोककल्याणकारी शासन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास संकलन समिति के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष और मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केजीएमयू के माईक्रोबायलोजी विभाग



की प्रोफेसर डा.शीतल वर्मा ने की। विषय प्रस्तावना सामाजिक समरसता मंच अवध प्रान्त के प्रमुख राजकिशोर ने रखी। कार्यक्रम का संचालन बृजनन्दन राजू ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व इतिहास संकलन समिति के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने जाति भेद से ऊपर उठकर काम किया। उन्होंने तपस्वी का जीवन जिया। सफेद चादर पर आसन लगाकर बैठती थीं। उनके पति,बेटा,सास,ससुर और दामाद समेत परिवार में 18 लोगों की मौत हुई। उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अहिल्या बाई होल्कर भगवान् शंकर के प्रतिनिधि के रूप में सामाजिक समरसता के आधार पर वह अपने शासन का संचालन करती थी।

सम्पूर्ण देश के मंदिरों की पूजन-व्यवस्था और उनके आर्थिक प्रबंधन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया। बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक और द्वारिका से लेकर पुरी तक आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों का उन्होंने पुनर्निर्माण करवाया।

## शराब पीने के लिए रुपये न देने पर रिक्शा चालक को पीटा

**लखनऊ।**आशियाना में गुरुवार रात शराब पीने के लिए रुपये देने से मना करने पर दबंगों ने रिक्शा चालक की पिटाई कर दी। चीख पुकार पर आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपित मौके से भाग निकले। पीड़ित द्वारा आशियाना थाने के सामने पहुंचकर शिकायत का वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ। हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। आशियाना सेक्टर-जी निवासी रिक्शा चालक सुरेश चंद्र (58) के मुताबिक गुरुवार रात 10 बजे वह घर के बाहर बैठे थे। इस दौरान पड़ोस के ही तीन-चार लोग उसके पास आए और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे। रुपये देने से मना करने पर आरोपितों ने उसकी पिटाई कर नुकीली चीज से वार कर दिया। खुद को बचाने के लिए वह शोर मचाने लगे। आसपास के लोगों को आता देख आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

# शराब की दुकानों के कियायेनामे के लिए देना होगा तय स्टांप शुल्क

▸▸ स्टांप चोरी करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता

**लखनऊ।** किराए पर लेकर शराब की दुकान चलाने वालों को तय दर के आधार पर स्टांप शुल्क देना अनिवार्य होगा। स्टांप विभाग जिलेवार इसके लिए जांच अभियान चलाने जा रहा है। प्रमुख सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन लीना जौहरी ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए आबकारी विभाग से सहायोग मांगा है।

शासनादेश में कहा गया है कि शराब की दुकानों का किरायानामा स्टांप अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर पट्टा या लीज के दायरे में आते हैं। इसीलिए तय दर से स्टांप देयता के आधार पर किरायेनामा बनाने के साथ ही इसका निबंधन कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य होता है।

स्टांप अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर संबंधित अधिकारी जिसके समक्ष ऐसे किरायेनामे प्रस्तुत हो वह स्टांप की देयता का अनुपालन सुनिश्चित कराए, जिससे किरायानामे पर लगने वाला स्टांप शुल्क मिल सके। यह भी कहा गया है कि पता चला है कि पंजीकरण के लिए किरायेनामे स्टांप एवं निबंधन विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इससे राजस्व नहीं मिल पा रहा है।

शासनादेश में यह भी कहा गया है कि स्टांप की देयता सुनिश्चित कराने और पंजीकरण के लिए उक्त किरायानामा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। इसके लिए आयुक्त आबकारी के स्तर से कार्यवाही की जाएगी। दुकान चलाने के लिए लाइसेंस देने से पहले पंजीकृत किरायानाम देखना अनिवार्य किया जाए।






# आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घसीटा

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन, कई हिरासत में

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने सड़क पर घसीटा। आप कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में गोमतीनगर में प्रर्शन कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पुलिस ने हमें लात घूसों से मारा। हमारे ऊपर लाठी डंडे भी चलाए गए। उन्होंने कहा कि जब तक केजरीवाल की रिहाई नहीं होगी हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई थी। कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया गया है।

**जब तक रिहाई नहीं, तब तक करेंगे प्रदर्शन:** प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक केजरीवाल को रिहा नहीं कर दिया जाता। सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग बंद नहीं होता। लखनऊ पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिए प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और ईको गार्डन भेज दिया।

**विपक्ष को खत्म करने का प्रयास:** आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना का कहना है कि प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री को तंग किया जा रहा है। इसलिए पार्टी पूरे देश में प्रदर्शन कर रही है। विपक्ष को खत्म करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। हमारे ऊपर लात, घूसे और डंडे चलाए जा रहे हैं। हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब-तक अरविंद केजरीवाल को रिहा नहीं किया जाता है।

एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा

आप का कहना है कि भाजपा की केंद्र सरकार अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सभी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। सीबीआई ने पिछले 2 साल तक सीएम अरविंद केजरीवाल को तथाकथित शराब घोटाले में आरोपी नहीं बनाया था। लेकिन जब भाजपा को लगा कि अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने वाली है, तो इन्होंने सीबीआई को आगे कर दिया।

इनका मकसद किसी केस की जांच करना नहीं है और न ही इन्हें कानून से कोई लेना-देना है। आप का कहना है कि भाजपा चाहती है कि किसी भी तरह से अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा जाए, उन्हें चुनावों से दूर रखा जाए और आप को खत्म किया जाए। इसलिए, भाजपा अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए केंद्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

**सीबीआई पर इल्जाम:** आम आदमी पार्टी के मुताबिक, तथाकथित शराब मामले में ट्रायल कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी। इसके अगले ही दिन ईडी हाईकोर्ट पहुंच गई। उनकी जमानत पर स्टे ले लिया। इस मामले में हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल की जमानत पर लगी रोक सुप्रीम कोर्ट से हटने ही वाली थी, तभी सीबीआई ने उनको गिरफ्तार कर लिया।

इससे पहले, सीबीआई ने 16 अप्रैल 2023 को पहली बार केजरीवाल को बतौर गवाह पूछताछ के लिए बुलाया था। तब उसने उनको आरोपी नहीं बनाया था। 14 महीने तक सीबीआई को केजरीवाल को आरोपी बनाने की याद नहीं आई? अब अचानक सीबीआई इतने समय बाद जागी और केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रोजगार मेले में 117 अभ्यर्थी चयनित

**लखनऊ।** अलीगंज स्थित राजकीय आईटीआई शनिवार को रोजगार मेले में कम्पनियों ने 117 अभ्यर्थियों का चयन किया है। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में मथुरा की पेप्सिको इण्डिया होल्डिंग प्रा. लि. और श्री राम लाइफ इंश्योरेन्स ने हिस्सा लिया। प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि कैम्पस ड्राइव में 215 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कम्पनी ने 117 अभ्यर्थियों को 13 से 25 हजार प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाओं के साथ जॉब का ऑफर दिया।

### क्वीनमेरी के एसी आउटडोर की गर्मी से तीमारदार बेहोश

**लखनऊ।** केजीएमयू के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) के पर्चा काउंटर के पास लगे एयर कंडीशन के आउटडोर बॉक्स मरीज और तीमारदारों के लिए मुसीबत का सबब बन गई हैं। शनिवार को एसी आउटडोर यूनिट से निकलने वाली गर्म हवा के चलते एक तीमारदार बेहोश हो गया। आस-पास के लोगों ने पानी की छींटे मारे, तब जाकर तीमारदार होश में आया। क्वीनमेरी में ओपीडी पंजीकरण के लिए सुबह से कतार लग जाती है। यहां जांच और भर्ती आदि का शुल्क भी जमा होता है। मरीज और तीमारदारों की लाइन दोपहर दो बजे तक लगी रहती है। यहीं एयरकंडीशन के आउटडोर बॉक्स लगे हैं, जो गर्म हवा फेंकते हैं। गर्म हवा और उमस की वजह से तीमारदारों का ठहरना दूभर है। शनिवार को गर्म हवा से उमस भर गई और बेहद गर्मी की वजह से तीमारदार बेहोश हो गया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में तीमारदारों ने चेहरे पर पानी की छींटे मारी, इसके बाद करीब 10 मिनट बाद युवक को होश आया। यहां लगे दर्जनों एसी के आउटडोर से गर्म हवा के थपड़ों आ रहे हैं, यहीं तीमारदार रात गुजारने को मजबूर हैं। तीमारदारों की शिकायत के बावजूद आउटडोर शिफ्ट नहीं किया जा रहा है।

### संदीप बडोला पांचवी बार अध्यक्ष बने

**लखनऊ।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के शनिवार को हुए द्विवार्षिक चुनाव में संदीप बडोला को लगातार पांचवी बार अध्यक्ष चुना गया। बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज में हुए चुनाव में आठ पदों के पर प्रदेश भर से आये 3031 फार्मासिस्टों ने वोट डाले। चुनाव अधिकारी मनमोहन मिश्रा, उप चुनाव अधिकारी कपिल वर्मा एवं चुनाव पर्यवेक्षक संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य भवन डॉ. संजय शैवाल की देखरेख में चुनाव हुआ। आठ पदों पर 16 प्रत्याशी ने नामांकन किया था। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष संदीप बडोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा,उपाध्यक्ष शालिग्राम त्रिपाठी, महामंत्री राजेंद्र सिंह पटेल, संगठन मंत्री आरएस राणा, संयुक्त मंत्री ओपी सिंह, कोषाध्यक्ष अजय कुमार पांडे व संप्रेक्षक उदय प्रताप सिंह को चुना गया। चुनाव अधिकारी मनमोहन मिश्रा ने आठों निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चुनाव जीतने के बाद प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला व महामंत्री राजेंद्र कुमार सिंह पटेल ने कहा की फार्मासिस्ट संवर्ग की कई वर्ष से लंबित मांगें एवं समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। वर्तमान निर्वाचित कार्यकारिणी पदनाम परिवर्तन,2005 के बाद नियुक्त फार्मासिस्टों की वरिष्ठता सूची जारी करने ,वेतन विसंगति दूर कराने,पदों के मानकों में परिवर्तन आदि लंबित हैं।

### मोबाइल फोन से हुई पहचान

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला है। स्थानीय निवासियों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसकी पहचान कराई। फिर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के टंटहा गांव के पास शनिवार सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर लाश देखी। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर मृतक का मोबाइल मिला, जिसमें कई नंबर पर फोन लगाया गया, तब उसकी पहचान हुई। मृतक का नाम विजय शंकर (51) पुत्र मदन सिंह निवासी सौजपुर थाना जयसिंहपुर, जिला सुल्तानपुर के तौर पर हुई है। परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### दो भाइयों ने युवती से की छेड़छाड़,पीटा



**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में दो भाइयों ने राह चलती युवती के साथ छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपितों की हरकत और बढ़ गई। उन्होंने युवती का दुपट्टा घसीट लिया और पिटाई कर नुकीली चीज से हमला कर दिया। चीख पुकार पर आरोपित धमकाते हुए बाइक से भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पीड़िता के मुताबिक गुरुवार को वह अमीनाबाद गई थी। खरीदारी कर रात आठ बजे वह ऑटो से घर से कुछ दूर पहले उतरकर पैदल जा रही थी। वह आगे बढ़ी तभी बाइक से कृपाशंकर और उसका भाई ननकऊ आ गए। दोनों उसपर टिप्पणी करने लगे। किसी तरह उसने हिम्मत दिखाते हुए विरोध जताया। विरोध पर आरोपितों ने उसका दुपट्टा पकड़कर घसीट लिया। अनियंत्रित होकर वह सड़क पर गिर पड़ी। जब तक वह उठती आरोपितों ने उसकी पिटाई कर उस पर नुकीली चीज से वार कर दिया। हाथ से खून निकलता देख वह शोर मचाने लगी। चीख पुकार पर आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपित भाई जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक आरोपित भाइयों कृपाशंकर व ननकऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों पक्ष एक दूसरे के पूर्व परिचित हैं।

# घर के अंदर सो रहे किसान को मारी गोली

## सिर के पास से छूकर निकल गई बुलेट, केस दर्ज

संवाददाता



**लखनऊ।** गोसाईंगंज के पहासा गांव में शुक्रवार देर रात घर में सो रहे किसान को अज्ञात बदमाश ने गोली मार दी। गनीमत रही कि बुलेट किसान के सिर में दाहिने तरफ छूते हुए निकल गई। परिजन घायलावस्था में सरकारी एंबुलेंस से उसे पहले सीएचसी गोसाईंगंज लेकर पहुंचे। इसके बाद ट्रामा सेंटर ले गये।

प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। शनिवार सुबह थाने पहुंचे किसान ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने किसान की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ जान से मारने के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस को मौके से एक कारतूस बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक गोसाईंगंज ब्रजेश त्रिपाठी के मुताबिक बाराबंकी जिले के लोनी कटरा क्षेत्र के रबड़रिहा के मूल निवासी किसान सहजराम (62) पिछले 40 वर्षों से गोसाईंगंज के पहासा स्थित अपनी ससुराल में परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात वह घर के अंदर सीढ़ियों के पास कमरे में सो रहे थे। किसान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि देर रात करीब दो बजे किसी ने उनपर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली इनके सिर के दाहिने तरफ छूते हुए निकल गई और वह बाल बाल बच गये। हालांकि बगल में दूसरे बेड पर सो रही पत्नी गंगाजली और ऊपर कमरे में दो मासूम बच्चियों के साथ सो रही बड़ी बहू पूजा को गोली चलने की आवाज नहीं सुनाई दी।

सहजराम के चिल्लाने पर पत्नी की आंख खुल गई। सिर से खून बहता देख वह घबरा गईं और पूर्व प्रधान अशोक पाल को फोन कर मदद मांगी। अशोक एंबुलेंस से उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर भेज दिया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद हालत खतरे से बाहर होने के चलते इनको मेडिकल कॉलेज से घर भेज दिया गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की सूचना दी।

वारदात की सूचना पाकर इंस्पेक्टर गोसाईंगंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की। पड़ताल के दौरान मौके से एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने परिजनों और पड़ोसियों से बातचीत कर घटना की जानकारी की। किसान पर गोली किसने और क्यों चलाई? पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है।

एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने बताया कि किसान पत्नी के साथ घर के अंदर सीढ़ियों के पास खुले कमरे में सो रहा थे। आशंका है कि छत के रास्ते घुसे किसी आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

# लिवइन पार्टनर ने वीडियो किया वायरल,धर्म परिवर्तन का डाला दबाव

संवाददाता

**लखनऊ।** फेसबुक फ्रेंड ने युवती के साथ शादी करने की बात कही। जिसके बाद दोनों लोग आजाद नगर में कमरा लेकर लिवइन में रहने लगे। इस दौरान आरोपी ने युवती का यौन शोषण किया। कुछ वीडियो भी रिकार्ड कर ली। शादी के लिए कहने पर धर्म बदलने का दबाव बनाया। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसकी वीडियो दोस्तों को भेज दी। पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। जिसके आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया है।

**दोस्तों को वीडियो भेज संबंध बनाने का डाला दबाव :** कानपुर निवासी युवती की दोस्ती फेसबुक पर गाजियाबाद मोदीनगर निवासी जीशान से हुई। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। कुछ वक्त बाद जीशान ने शादी करने की बात कही। इसके बाद दोनों लोग आजाद नगर में किराए का कमरा लेकर रहने लगे। पीड़िता के मुताबिक जीशान ने उसके साथ दुराचार किया। विरोध करने पर जल्द शादी करने की बात दोहराई। इस बीच आरोपी ने युवती की आपत्तिजनक वीडियो रिकार्ड कर ली। जिसे वायरल करने की धमकी देकर यौन शोषण करता रहा। शादी के लिए कहने पर धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा। आरोप है कि जीशान ने युवती की वीडियो कुछ दिन पूर्व दोस्तों को भेज कर उनके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी जीशान को हिरासत में लिया गया है।



# गाड़ी घर पर खड़ी चालान कटा बिहार में

संवाददाता

**लखनऊ।** सड़कों पर ई-चालान ने वाहन स्वामियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मनमानी ऐसी चल रही है कि गाड़ी घर पर खड़ी है और किसी दूसरे राज्य में चालान काट दिया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जहां लखनऊ के टिकैत राय तालाब निवासी रवि श्रीवास्तव की गाड़ी उनके घर पर खड़ी थी, लेकिन बिहार के मोतिहारी शहर में गाड़ी का चालान हो गया। उनके पास ₹2000 के ई-चालान का मैसेज आया तो हैरान रह गए। अब गाड़ी मालिक ने इस मामले की शिकायत थाना बाजार खाला में की है। टिकैत राय तालाब एलडीए कॉलोनी निवासी रवि श्रीवास्तव की कार का नंबर यूपी 32 एचएस 9977 है। 27 जून की शाम 5:53 बजे उनकी गाड़ी का चालान हो गया। चालान भी लखनऊ में न होकर बिहार के मोतिहारी में हुआ। बिहार परिवहन विभाग के तरफ से आया चालान देखकर रवि को आश्चर्य हुआ कि उनकी गाड़ी लखनऊ में घर पर खड़ी है तो मोतिहारी में चालान कैसे हो सकता है। मामले की गंभीरता समझते हुए रवि ने पुलिस स्टेशन बाजार खाला में तहरीर दी है। उन्होंने कहा है कि वह बिहार गए न उनकी गाड़ी गई तो फिर गाड़ी का चालान होना संदेहास्पद है।

**पहले भी आ चुके है ई-चालान के मामले:** इससे पहले भी इटौंजा निवासी राजू, जिनके वाहन का नंबर यूपी 32 एफएन 3340 है। राजू गुड्स कैरियर वाहन से सब्जी मंडी में काम करते हैं। 23 सितंबर 2015 को राजू ने गाड़ी खरीदी और लखनऊ आरटीओ में रजिस्टर्ड कराई। समय-समय पर वाहन की फिटनेस होती रही। राजू की गाड़ी को हरिद्वार एआरटीओ की तरफ से लॉक कर दिया गया था, जबकि राजू का कहना था कि कभी खुद उत्तराखंड या हरिद्वार गए न उनकी गाड़ी हरिद्वार गई।

# बेसमेंट की खुदाई से मकानों में दरारें

- बारिश के बाद कई मकानों में पड़ी दरार, लोगों ने किया हंगामा

संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र में बस्तौली गांव में बेसमेंट में खुदाई हो रही है। इसकी वजह से स्थानीय निवासियों के मकानों में दरारें पड़ गई हैं। इससे यहां के लोगों में आक्रोश फैल गया है। शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद यह समस्या और गंभीर हो गई। कई मकानों में दरारें आने के बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया।

स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी। लोगों का आरोप है कि बिल्डर इमरान ने गोविंद प्रसाद, नगीना राम, शांति देवी, बबलू गौतम, राजाराम महतो, पवन गौतम समेत अन्य मकान मालिकों से जगह लेकर अवैध बिल्डिंग बनाने का काम शुरू किया है। हालांकि एग्रीमेंट कराया है या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। जबकि इसके लिए न तो एलडीए और न ही नगर निगम से कोई अनुमति ली गई है।

नगर निगम के अधिकारियों को कई बार सूचना दी गई, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं, पुलिस को भी कई बार जानकारी दी गई, लेकिन उनकी तरफ से भी कोई कदम नहीं उठाया गया।


स्थानीय निवासियों का आरोप है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा है। इस लापरवाही की वजह से बिल्डर इमरान बेसमेंट की खुदाई करता रहा, जिससे आसपास के मकानों में दरारें पड़ गईं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि इस अवैध निर्माण को तुरंत नहीं रोका गया, तो वे सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस घटना ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और लोगों में नाराजगी बढ़ गई है।

### पीजीआई में रोबोट से पहली बार प्रोस्टेट कैंसर की सर्जरी

**लखनऊ।** पीजीआई के डॉक्टरों ने पहली बार रोगी के पेशाब की थैली के रास्ते से जाकर प्रोस्टेट कैंसर की रोबोटिक सर्जरी की है। इसमें ऑपरेशन के बाद पेशाब रिसाव, यौन शक्ति समेत दूसरे जोखिम की आशंका बिल्कुल न के बराबर होती है। डॉक्टर ने इस तकनीक का नाम ट्रांसवेसिकल मल्टीपोर्ट रोबोटिक रेडिकल प्रॉस्टेटेक्टॉमी दिया है। डॉक्टर का दावा है कि विश्व में पहली बार इस तकनीक से प्रोस्टेट ग्रंथि की सर्जरी हुई है। यह संस्थान के यूरोलॉजी विभाग के डॉ. उदय प्रताप सिंह के निर्देशन किया गया है। यह तकनीक चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे प्रोस्टेट कैंसर मरीजों का जीवन और बेहतर होगा। यूरोलॉजी विभाग के डॉ. यूपी सिंह ने बताया कि यह रोगी प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित था। घरवालों ने रोबोट से ऑपरेशन की सहमति दी। डॉ. उदय का कहना है कि देश-विदेश के हर सर्जन पेशाब की थैली के भीतर जाकर रोबोटिक सर्जरी करते हैं। उन्होंने पहली बार पेशाब की थैली के भीतर जाकर प्रोस्टेट कैंसर की रोबोट से सफल सर्जरी की है।

# कुकरैल नदी के किनारे पानी भरे गड्ढे में गिरने से दो बच्चों की मौत, मचा हड़कंप

संवाददाता




**लखनऊ।** के खुर्रमनगर इलाके में दो बच्चों की कुकरैल नदी में डूबने से मौत हो गई। नदी के किनारे डेवलपमेंट का काम चल रहा था जिसकी वजह से पानी इकट्ठा हो गया है। एक बच्ची का पैर फिसलने से हादसा हुआ। उसे बचाने गया दूसरा बच्चा भी डूब गया। दोनों की मौत हो गई।

हादसे के बाद दोनों को पास के ही अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चे इंदिरा नगर इलाके के खुर्रम नगर में रहते थे। बच्चों की पहचान गोंडा की रहने वाली कासिम (10) पुत्र जुनैद व शिफा (8) पुत्री मुस्ताक के रूप में हुई है।

शिफा को बचाने गया कासिम भी डूब गया।

शिफा के चाचा नौशाद ने बताया घर के सभी लोग काम पर गए थे। घर पर सिर्फ मां थी, वह भी किसी काम से बाहर गई थी। शिफा घर के पीछे गड्ढे के पास गई थी। जहां मिट्टी पर पैर फिसल गया और वह गिर गई। वहीं पर कासिम भी था। बचाने के लिए कासिम ने शिफा का हाथ पकड़ा। ऐसे में कासिम नीचे और शिफा उसके ऊपर गिर गई।

दोनों बच्चे खुर्रमनगर चौकी के पास बनी झुग्गी में रहते थे। साथ में खेल रहे बच्चों के चिल्लाने पर मौके पर इलाके के लोग इकठ्ठा हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जांच कर रही है। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बच्चों ने नृत्य, गायन और अभिनय में मिलायी ताल

**लखनऊ।** ताल ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शनिवार को हुआ। ताल संस्था की ओर बाल्मीकि रंगशाला में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम जश्न-ए-ताल में बच्चों ने बच्चों ने नृत्य और अभिनय में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बच्चों ने कार्यशाला में सीखे कई हुनर का प्रदर्शन भी मंच पर किया। कार्यशाला के बच्चों ने कथक की प्रस्तुति से मनमोहा तो वहीं सुनो गौर से दुनिया वालों बुरी नजर न हम पे डालो जैसे देशभक्ति गीत पर प्रभावी नृत्य की प्रस्तुति से बच्चों में जोश भर दिया। इसके बाद 11 से 15 वर्ष तक के बच्चों ने हास्य नाटक तलाश अर्जुन की को प्रस्तुत किया। ओर्घो सामंत के निर्देशन में मंचित नाटक में बच्चों ने अपनी अभिनय प्रतिभा से तालियां बटोरी इसके साथ ही बच्चों ने पत्थर का सूप का मंचन प्रियंका और अंशुल, अलादीन का मंचन मिनी और रजनीश के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब लखनऊ की अध्यक्ष नम्रता चौहान मुख्य अतिथि थी।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर चेक इन बैगेज से लखनऊ के यात्री की चेन, कैश चोरी

- गोमती नगर में रहने वाले यात्री ने दर्ज कराई एफआईआर

संवाददाता



**लखनऊ।** दुबई से दिल्ली पहुंचे लखनऊ के गोमती नगर में रहने वाले यात्री के चेकइन बैगेज का लॉक तोड़कर कीमती सामान चोरी कर लिया गया। उन्होंने दिल्ली में इसकी एफआईआर दर्ज कराई है। बैग से 64 हजार रुपये कैश और सोने की चेन गायब है।

गोमती नगर विवेक खंड में रहने वाले राजे भसीन ने बताया कि वह फ्लाई दुबई की उड़ान एफजेड 441-ईके 2124 से 4:30 बजे दिल्ली पहुंचे थे। इमीग्रेशन जांच के बाद वह अपना चेक इन बैगेज लेने कन्वेयर बेल्ट संख्या 13 पर पहुंचे। काफी ढूंढ़ने पर भी बेल्ट पर उनका लगेज नहीं मिला। ऐसे में वह हेल्प डेस्क पर गए तो महिला कर्मचारी ने उनसे दोबारा बेल्ट पर देखने को कहा। एक बार फिर बेल्ट पर उन्होंने अपना लगेज ढूंढ़ा,लेकिन नहीं मिला। वापस महिला कर्मचारी को बताया तो उसने पास में बैठे एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए कहा कि, फिर यह बताएंगे। उस व्यक्ति ने राजे भसीन से कन्वेयर बेल्ट के बगल में देखने को कहा। वहां उनका लगेज रखा था, लेकिन उसका लॉक टूटा हुआ था। लगेज में रखा कीमती सामान और नगदी भी गायब मिली। लगेज के के भीतर सारा सामान अस्त व्यस्त मिला, जैसे किसी ने बेतरतीब तरीके से उसकी तलाशी ली हो। दिल्ली के इन्दिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पुलिस चौकी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सम्पादकीय

# गुरु मानने से बढ़ेगा गौरव

प्राचीनकाल से ही ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की द्वितीय तिथि को देवर्षि नारद मुनि की जयंती मनाने की परंपरा चली आ रही है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार देवर्षि नारद मुनि को सृष्टिकर्ता ब्रह्मा का मानस पुत्र माना जाता है। कहा जाता है कि उनका जन्म ब्रह्मा जी की गोद से हुआ था। इसलिए वे उनके मानस पुत्र माने जाते हैं। वे समस्त देवी- देवताओं के ऋषि हैं इसीलिए उन्हें देवर्षि एवं ब्रह्मर्षि कहा जाता है। ब्रह्मर्षि का पद प्राप्त करने के लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। उन्हें ब्रह्मनंदन एवं वीणाधर के नाम से भी पुकारा जाता है। %नारद% शब्द में %नार% का अर्थ है जल एवं अज्ञान तथा %द% का अर्थ है प्रदान करना एवं नाश करना। वे समस्त प्राणियों को ज्ञान का दान करके अज्ञानता का नाश करते हैं। वे प्राणियों को तर्पण करने में भी सहायता करते थे, इसीलिए उन्हें नारद कहा जाने लगा। देवर्षि नारद मुनि सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के अनन्य भक्त माने जाते हैं। वे तीनों लोकों में भ्रमण करते हुए अपनी वीणा की सुमधुर तान पर भगवान विष्णु की महिमा का गान करते हैं। प्रत्यके समय उनकी जिव्हा पर भगवान विष्णु का नाम रहता है- नारायण-नारायण। वे सदैव भक्ति में लीन रहते हैं। इसके साथ-साथ में भटके हुए लोगों का मार्गदर्शन करते हैं तथा उनकी शंकाओं का समाधान भी करते हैं। उनके महान कार्यों की गणना संभव नहीं है। किन्तु कुछ कार्यों का उल्लेख करना संभव है, जैसे उन्होंने लक्ष्मी का विवाह अपने इष्टदेव भगवान विष्णु के साथ करवाया था। उन्होंने स्वर्ग के राजा इन्द्रदेव को मनाकर अप्सरा उर्वशी का पुरुरवा के साथ विवाह करवाया था। उन्होंने ऋषि बाल्मीकि को महान ग्रंथ रामायण लिखने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने व्यास जी को भागवत की रचना करने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने विष्णु भक्त प्रह्लाद एवं भक्त ध्रुव का मार्गदर्शन किया था। उन्होंने बृहस्पति एवं शुकदेव आदि को उपदेश देकर उनका मार्गदर्शन किया था। उनके ऐसे असंख्य महान कार्य हैं। देवर्षि नारद मुनि बहुत ज्ञानी थे। वे अनेक कलाओं में पारंगत थे। उन्होंने वाद्य यंत्र वीणा का आविष्कार किया था। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वे ब्रह्मांड के प्राय~ सभी विषयों के ज्ञाता थे। लगभग सभी आदि ग्रंथों में उनका उल्लेख मिलता है। वे व्यास, बाल्मीकि एवं शुकदेव आदि के गुरु हैं। उन्हें तीनों लोकों में मान-सम्मान प्राप्त है। वे देवी-देवताओं के मन की बात भी समझ जाते थे। उन्होंने भक्तिभाव का प्रचार-प्रसार किया। उनका कहना था कि व्यक्ति को सर्वदा सर्वभाव से निश्चित होकर केवल अपने प्रभु का ही स्मरण करना चाहिए। यही भक्ति है एवं यही साधना है। लोक कल्याण के लिए उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की। इनमें नारद पांचरात्र, नारद के भक्तिसूत्र, नारद पुराण, बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति, नारद-परिव्राज कोपनिषद तथा नारदीय-शिक्षा आदि सम्मिलित हैं। नारद पांचरात्र वैष्णव संप्रदाय का ग्रंथ माना जाता है। इसमें रात्र का अर्थ है ज्ञान। कहा जाता है कि इस ग्रंथ में ब्रह्मा, वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध का ज्ञान है इसलिए इसे पांचरात्र कहा जाता है। यह ग्रंथ श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त था। देवर्षि नारद मुनि ने इसका प्रचार-प्रसार किया। इसमें प्रेम, भक्ति, मुक्ति एवं योग आदि का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति के संबंध में श्रीकृष्ण एवं राधा के प्रेम का उल्लेख किया गया है। नारद भक्ति सूत्र नामक ग्रंथ देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित है। इसमें भक्ति के 84 सूत्रों का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति की व्याख्या से लेकर इसकी महत्ता, नियम एवं फल आदि का भी उल्लेख मिलता है। इसमें बताया गया है कि प्रेम भक्ति का प्रथम सोपान है तथा अपने इष्ट के लिए व्याकुल होना भक्तिभाव का चिह्न है। आदर्श भक्ति को समझने के लिए श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के मनोभाव को समझना होगा। नारद पुराण भी वैष्णव का ग्रंथ है। अठ्ठारह पुराणों में यह छठे स्थान पर आता है। इसी से इसकी महत्ता का ज्ञान होता है। कहा जाता है कि इस पुराण का श्रवण करने से मुक्ति प्राप्त होती है अर्थात पापी व्यक्ति भी इसका श्रवण करके पाप मुक्त हो जाता है। इसमें पापों का उल्लेख किया गया है। इसके प्रारंभ में अनेक प्रश्न पूछे गए हैं। इसमें अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक कथाएं, धार्मिक अनुष्ठान, ज्योतिष, मंत्र, बारह मास की व्रत-तिथियों के साथ उनसे संबंधित कथाएं, शिक्षा एवं व्याकरण आदि का भी उल्लेख मिलता है। बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति नारद स्मृति भी देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित ग्रंथ है। इसमें न्याय, उत्तराधिकार, संपत्ति का क्रय एवं विक्रय, उत्तराधिकार, पारिश्रमिक, ऋण एवं अपराध आदि विषयों उल्लेख है। एक प्रकार से यह न्याय अथवा संविधान का ग्रंथ है। इसमें नारद गीता, नारद नीति एवं %नारद संगीत आदि ग्रंथ होने का भी उल्लेख किया गया है। नारद-परिव्राजक कोपनिषद अथर्ववेद से संबंधित ग्रंथ है। देवर्षि नारद मुनि इसके उपदेशक हैं। इसमें परिव्राजक संन्यासी के सिद्धांत, आचरण, संन्यासी-धर्म, संन्यासी-भेद आदि का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। परिव्राजक संन्यासी उसे कहा जाता है जो परिव्रज्या व्रत ग्रहण कर भिक्षाटन करके अपने जीवन का निर्वाह करता है। इसमें ब्रह्म के स्वरूप का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। इसमें परम पद प्राप्ति की प्रक्रिया का भी स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया गया है। अहं ब्रह्मास्मिअर्थात् मैं ही ब्रह्म हूं मंत्र का उल्लेख किया गया है। साधक के लिए यह मोक्ष प्राप्ति की स्थिति है।

# मोदी के लिए अपरिहार्य कैसे बने अमित शाह

> 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था। आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। ह मंत्री के रूप में अमित शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं।

**आर.के. सिन्हा**

अमित शाह राजधानी में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल ने भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से देश की आंतरिक सुरक्षा को नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बता कर एक विवाद खड़ा कर देंगे। पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में वह केंद्रीय गृह मंत्री बने और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था।

आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे।



नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं। 2019 में गृह मंत्री बनने के तीन महीने बाद अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा, जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था। अमित शाह 2019 के नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की पीछे प्रेरक शक्ति भी रहे हैं, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं- उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आशंका थी कि सीएए को विपक्ष मुद्दा बनायेगा। पर यह नहीं हुआ। इसकी बेशक एक बड़ी वजह यह रही कि अमित शाह देश के मुसलमानों को भरोसा देता रहे कि सीएए कानून का उनसे कोई लेना-देना है। याद करें कि राजधानी के शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड के फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा। पर यह नहीं हुआ।

गृह मंत्री अमित मोदी बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा। पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे। सीएए, एनआरसी और धारा 370 जैसे मुद्दे कॉंग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया था और जल्दी ही यह हिंदू- मुस्लिम विवाद में बदला था। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए थे। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे।

खैर, अमित शाह की सरपरस्ती में आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। इस्लामिक स्टेट का उदय, पहले सीरिया और बाद में अफगानिस्तान में, चरमपंथी प्रवृत्ति वाले कई युवाओं को विदेशी जमीन में युद्ध लड़ने के लिए देश से बाहर जाते हुए देखा गया। इससे 2014 में कट्टरपंथ और ऑनलाइन ब्रेनवॉशिंग के नए खतरों के बारे में चिंता पैदा हुई थी, लेकिन गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसियां आज इनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं।

छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के नक्सल प्रभावित राज्यों में, सुरक्षा बल धीरे-धीरे उन क्षेत्रों में वापस आ रहे हैं जिन्हें कभी रेड जोन माना जाता था। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्समलवाद के खिलाफ हमारी जंग जारी रहेगी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नक्सलियों पर एक बहुत बड़ा ऑपरेशन हुआ, ऐसा पिछले साल दिसंबर महीने में भी देखने को मिला था। अमित शाह कह रहे हैं कि भाजपा के कमिटमेंट में कोई बदलाव नहीं आया है। फिर वो चाहे, नक्सलवाद के खिलाफ हो या आतंकवाद के खिलाफ। आतंकवाद और नक्सदलवाद लोकतांत्रिक तरीके नहीं हैं और इन्हें समाप्ति कर देना चाहिए।

## सरोकार

# चुनाव के दौरान रंगभेद की राजनीति

**सुरेश हिंदुस्थानी**

लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसका तात्पर्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोटबैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग-अलग दुकान खोल कर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया।

यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी



तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं।

राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझ कर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत ख़ास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग-अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ताधर्ताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफ़ा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ठाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फ़जीहत करा दी।

# चारधाम यात्रा और आधे-अधूरे इंतजाम

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किलोमीटर) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है। निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ? चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है। चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कोई अचानक उमड़ी हो, ऐसी बात भी नहीं है। पिछले साल के मुकाबले तुलना करें तो इस यात्रा के पहले दो दिन में ही चालीस फीसदी से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आए। अनेक यात्री अभी भी बिना पंजीकरण के वहां पहुंच रहे हैं। जाहिर है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। असल में इस पर खास ध्यान ही नहीं दिया गया कि चारधाम यात्रा के लिए जाने के इच्छुक श्रद्धालु जिस तरह से पंजीकरण करा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए, पर ऐसा नहीं किया गया।

ऐसा लगता है कि इस बार पिछले सालों का रिकॉर्ड टूट सकता है। लेकिन यह भी सच है कि उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सड़कों, गांव-कस्बों की अपनी क्षमताएं हैं। अगर क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर न केवल ध्यान देना चाहिए बल्कि इसकी एडवांस प्लानिंग करनी चाहिए थी। निजी साधनों से जाने वाले यात्रियों के कारण वहां पर वाहनों की रेलमपेल बढ़ती है। सरकारी स्तर पर सार्वजनिक परिवहन का पुख्ता प्रबंध नहीं किया गया। यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। सड़कों पर ही वाहनों की बेतरतीब पार्किंग भी संकट बढ़ाने वाली है। हालांकि धामों में अभूतपूर्व संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी वहां की स्थिति को स्वयं मॉनीटर कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने अपने सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम और मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को उत्तरकाशी में कैंप करने तथा गंगोत्री और यमुनोत्री में यात्रा इंतजामों की लगातार निगरानी करने को कहा है। अगर आप चारधाम की यात्रा पर जा रहे हैं अथवा उसकी योजना बना रहे हैं तो सर्वप्रथम आपको सलाह है कि फिलहाल इस योजना को टाल दें। वहां पर अभी काफी अफरातफरी का माहौल है, इसलिए स्थिति सामान्य होने तक आप इंतजार करें। चारधाम यात्रा चूंकि अक्टूबर तक चलती है, इसलिए कुछ समय बाद आप वहां जाएं।

## नजरिया

# मुकदमों के नतीजे पर टिका आप का राजनीतिक भविष्य

**कल्याणी शंकर**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले एक दशक में कई बाधाओं को पार किया है। फिर भी, उनका अटूट लचीलापन प्रेरणा का प्रतीक रहा है। वह और उनकी पार्टी इस वक्त शराब नीति मामले में सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं। चुनौतियों के बावजूद केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा उनकी अदम्य कर्मठता का प्रमाण है। 49 दिनों के संक्षिप्त कार्यकाल और 2014 में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें हारने के बाद, उन्होंने 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में 70 में से 67 सीटें हासिल करके उल्लेखनीय वापसी की। पिछले महीने दिल्ली शराब नीति मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी, जिसमें भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप शामिल हैं, ने आम आदमी पार्टी के भविष्य पर अनिश्चितता की छाया डाल दी है। क्या यह पार्टी की राह का अंत होगा, या क्या वे इस तूफान का सामना कर सकते हैं और अपनी राजनीतिक यात्रा जारी रख सकते हैं?

शीर्ष अदालत द्वारा केजरीवाल को जमानत देने का फैसला, जिससे उन्हें मौजूदा चुनावों में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने की अनुमति मिल सकी, केजरीवाल के समर्थकों के लिए आशा की किरण है। यह सकारात्मक विकास केजरीवाल की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है, खासकर अगर उन्हें जनता की सहानुभूति मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित उत्पीड़न और अपने सहयोगियों की कैद को उजागर करते हुए केजरीवाल खुद को दमित व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करते हैं। केजरीवाल और उनकी पार्टी जनता को यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि जेल में उनके साथ कैसा दुर्व्यवहार किया गया और कैसे उन्हें इंसुलिन और मधुमेह की दवा देने से इनकार कर दिया गया। नवंबर 2012 में आम आदमी पार्टी(आप) की स्थापना के बाद से केजरीवाल की गिरफ्तारी पार्टी के लिए सबसे बड़ा संकट है। पार्टी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें आंतरिक संघर्ष, भ्रष्टाचार के आरोप और आम आदमी की पार्टी के रूप में अपनी छवि बनाये रखने की आवश्यकता शामिल है। पिछले कुछ वर्षो में, इंडिया अगेंस्ट करप्शन के दिनों से केजरीवाल के कई सहयोगियों को हटा दिया गया है, समेत कई ऐसे आरोप हैं। केजरीवाल ने अपने इर्द-गिर्द केंद्रित एक व्यक्तित्व आधारित पार्टी की शुरुआत की है। आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना काफी नाटकीय रहा है। इसकी शुरुआत 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से हुई थी। पार्टी कुछ ही महीनों के भीतर सत्ता में आ गई, लेकिन 48 दिनों में केजरीवाल का इस्तीफा आश्चर्यजनक नहीं था। हालांकि, अगले दो विधानसभा चुनावों में उन्होंने भारी बहुमत से जीत



हासिल कर वापसी की। इन घटनाओं ने पार्टी के राजनीतिक प्रक्षेप पथ और केजरीवाल के लचीलेपन के बारे में जिज्ञासा जगा दी है। केजरीवाल हमेशा महत्वाकांक्षी रहे हैं। उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया और 2014 में बनारस में मोदी के खिलाफ भी खड़े हुए लेकिन हार गये। इस साहसिक कदम से केजरीवाल और उनकी पार्टी का रुतबा काफी बढ़ गया। हाल ही में गठित इंडिया गठबंधन, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक गठबंधन है और जिसका उद्देश्य भाजपा के प्रभुत्व को चुनौती देना है, में आप कांग्रेस के अलावा एक से अधिक राज्यों पर शासन करने वाली एकमात्र पार्टी के रूप में खड़ी है। यह गठबंधन उनकी पार्टी के दिल्ली और पंजाब से बाहर विस्तार का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। हालांकि, वर्तमान में, आप का केवल 20 निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव पड़ेगा। केजरीवाल का राष्ट्रीय प्रभाव उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। आप के पास वर्तमान में लोकसभा में एक और राज्य सभा में दस सीटें हैं। पार्टी ने अन्य राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और अप्रैल 2023 में इसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया। भारतीय राजनीति में आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना दिलचस्प है। भाजपा या वामपंथी दलों के विपरीत इसका कोई ठोस वैचारिक रुख नहीं है। यह ए.आई.ए. डी.एम.के., डी.एम.के., समाजवादी पार्टी, बीजू जनता दल, या राष्ट्रीय जनता दल जैसी क्षेत्रीय या समाजवादी पृष्ठभूमि पर निर्भर नहीं है। इसके बजाय, इसने भ्रष्टाचार-विरोधी और मुफ्तखोरी संस्कृति के विकास का समर्थन करके शक्ति प्राप्त की है। आप अब दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है, जबकि पंजाब में आप 13 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है। यह गठबंधन केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा के लिए एक आशाजनक दृष्टिकोण पेश करता है। आम आदमी पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक इकाई नहीं है। यह कांग्रेस द्वारा छोड़े गये शून्य को भरने और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात जैसे राजनीतिक रूप से द्विध्रुवीय राज्यों को लक्षित करने के लिए तैयार है। मोदी ने मोदी की गारंटी का वायदा किया है, जबकि केजरीवाल ने दस सूत्री एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है। इस एजेंडे में भारतीय भूमि को चीनी कब्जे से मुक्त कराना शामिल है यदि इंडिया ब्लॉक ने केंद्र में सरकार बनाई। दिल्ली को राज्य का दर्जा दिलाना, 24x7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना और मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के वायदे केजरीवाल के राष्ट्रीय मुद्दों पर फोकस को दर्शाते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वाइंट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द्र सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद समरपाल की मूर्ति का चेयरमैन ने किया अनावरण

**जहानाबाद, फतेहपुर।** कस्बा के मोहल्ला पोजेपुर स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र के समीप आज शहीद समरपाल की वर्षी के आयोजन पर पूजन कार्यक्रम के साथ साथ शहीद समरपाल की मूर्ति का अनावरण नगर पंचायत अध्यक्ष सैयद आबिद हसन ने किया इस मौके पर पूर्व मंडी सचिव मौजी लाल यादव, सभासद बृजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ राजू यादव, संतोष यादव प्रधान,सपा प्रदेश सचिव केपी यादव ने शहीद की प्रतिमा के आसपास सुन्दरी करण का मांग पत्र नगर पंचायत अध्यक्ष सैय्यद आबिद हसन को सौपा जिस पर स्थानीय लोगों ने मांग की उक्त परिसर पर समरसेबल, ओपन जिम, बच्चों के झूले सहित पार्क का निर्माण तथा आसपास इंटरलॉकिंग पथ का निर्माण कराया जाए नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी को आस्वस्त करते हुए कहा सहित की प्रतिमा के आसपास शौन्दरीकरण के साथ-साथ स्थानीय लोगों की समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा तथा उक्त भूमि को पार्क के के रूप पर विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर शहीद का पुत्र अरुण कुमार व पत्नी उर्मिला मौजूद लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से धर्मेंद्र, जगदीश यादव, मनोज, राजेंद्र, मौजी लाल शांति देवी सहित स्थानीय लोग मौजूद थें।

### तजियादारों की समस्याओं से प्रशासन को कराएंगे अवगतः मोईन



**फतेहपुर।** ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी की बैठक अध्यक्ष चौधरी मोईन राईन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें तजियादारों से समस्याओं पर चर्चा कर जिला प्रशासन के माध्यम से हल करवाने का प्रस्ताव रखा गया। शुक्रवार को बाकरगंज स्थित पुरानी बकरी बाजार निवासी गुलाम जाफ़र एडवोकेट के आवास पर ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी की बैठक अध्यक्ष चौधरी मोईन राईन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शहरकाज़ी शहीदुल इस्लाम अब्दुल्ला रहे। बैठक में मोहर्रम पर्व के दौरान निकलने वाले ताजिया व अलम इंतेज़ामिया से उनकी समस्याओं पर चर्चा की गयी। साथ ही कमेटी के द्वारा उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध कर जिला प्रशासन के माध्यम से हल करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चौधरी मोईन राईन ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आस्था सद्भाव का प्रतीक है जिसे आपसी भाईचारा के साथ मनाया जाता है। कमेटी के द्वारा सभी तजियादारों व अलम इंतेजामिया कमेटी के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को नोट किया गया है। प्रशासन संबंधित समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए समस्याओं को निस्तारित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर शब्बीर अहमद, बशीर हुसैन, मो. शमी खां, खलील खां, हाजी कासिम अली, कफील अहमद, मुस्सन खां, चौधरी महमूद हसन राईन, चौधरी शकील राईन, खुर्शीद आलम, फरीद खां, रियाज़ अहमद, लल्लू राईन, अनीस अहमद, इब्राहीम, इस्माईल वारसी, जुल्फिकार अहमद, इश्तियाक अहमद, सलमान राईन, नफीस अहमद, शाहनवाज़ आदि रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला पेड़ से लटकता युवक शव



**प्रेमनगर, फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के एक गांव के बाहर जंगल में पेड़ से लटकता शव देखकर ग्रामीणो में अफरा तफरी मच गई वहीं मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस आत्महत्या की तफ्तीश करने में लग गई। खागा तहसील के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के रतनसेनपुर गौती ( रतनसेनपुर )निवासी वीरेंद्र कुमार सरोज पुत्र पिरथी सरोज उम्र लगभग 25वर्ष आज सुबह 11बजे गांव के बाहर नीम के पेड़ से रस्सी बांधकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। आज सुबह दिन शुक्रवार को सुबह लगभग 11बजे मृतक वीरेंद्र कुमार घर में नहाया पत्नी ने टीशर्ट दिया घर से नहाकर टावल और टी शर्ट मेंपहनकर हाथ में रस्सी लेकर मृतक खेतों की तरफचला गया गांव से कुछ दूरी पर जंगल में नीम के पेड़ के नीचे मोबाइल रखकर चप्पल उतारकर नीम के ऊपर चढ़कर रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गांव का ही एक ट्रेक्टर चालक खेत जोतने गया अचानक शव देखकर घबरा गया भागते हुए गांव पहुंच कर और वहां का की दास्तां ग्रामीणो को बताया देखते ही देखते देखने वालों का ताँता लग गया। शव को देखने के बाद ग्रामीणो में तरह तरह की चर्चाएं शुरू गई की बुधवार की शाम पति पत्नी के बीच हुई कहासुनी आज पति के मौत कारण बन गई घटना के बाद डायल 112पुलिस मौके पर पहुंची और फिर घटना की जानकारी स्थानीय थाना सुल्तानपुर घोष को हुई तो मोके पर एस आई दिलीप कुमार यादव, कांस्टेबल बिरजू यादव, संदीप राजभर सहित घटना स्थल पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा प्रकिया करते हुए शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजवा दिया।

### हर्ष सिंह विद्यार्थी परिषद के विभाग सह संयोजक मनोनीत



**फतेहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा में आयोजित हुआ। जिले के बिंदकी तहसील के अंतर्गत बहरौली निवासी हर्ष सिंह को बांदा विभाग( फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट ) का विभाग सह संयोजक बनाया गया, ऋषिका तिवारी को विभाग छात्रा प्रमुख, अक्षय त्रिपाठी को जिला संयोजक, आदित्यांश को जिला सह संयोजक बनाया गया आकर्ष मिश्रा जी को पुनः फतेहपुर जिला संगठन मंत्री घोषित किया गया।हर्ष सिंह ने कहा छात्र हितो के लिए बेहतर तालमेल के साथ कार्य किया जायेगा।तीनो जनपदो मे अधिक विद्यार्थियों को संगठन से जोड़कर राष्ट्र निर्माण के लिए काम मे लगाया जायेगा।

### आकाशीय बिजली गिरने से चार बकरियों सहित अधेड़ महिला की मौत

**खागा, फतेहपुर।** विकास खण्ड विजयीपुर क्षेत्र के किशनपुर थाना अंतर्गत झुरहापर मजरे गढ़ा में जंगल में बकरियां चराते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ महिला सहित चार बकरियों की मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची राजस्व कर्मियों ने मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम हेतु पुलिस को आदेशित कर दिया। खागा तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड विजयीपुर अन्तर्गत झुरहापर मजरे गढ़ा गांव निवासी रामकृपाल पुत्र रक्षपाल केवट की 50 वर्षीय पत्नी कैरी देवी की जंगल में बकरियां चराते समय आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ जाने से चार बकरियों सहित मौके पर मौत हो गयी। बताया जाता है कि दिनांक 28 जून 2024 को समय लगभग 4 बजे जंगल में बकरियां चरा रही थी। तभी बादल की तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आ जाने के कारण एक बकरी व तीन बकरों सहित मौत हो गयी।

# उचित परमिट, इंश्योरेंस, फिटनेस के बिना सड़कों पर दौड़ रहीं निजी बसें

**हाईवे पर बिना परमिट चलाई जा रहीं बसें**

रवि सिंह चौहान




**(करण वाणी) फतेहपुर / खागा।** खागा कस्बे के पुराने बस स्टॉप से शाम होते ही ई-रिक्शा में सवारियों को ढो कर पश्चिमी बाईपास पहुंचाया जाता है

ट्रांसपोर्ट माफिया राज्य सरकार को हर माह मोटा चूना लगा रहा है। इलाके में उचित परमिट, इंश्योरेंस, फिटनेस के बिना ही निजी बसें रात के समय सवारियां लेकर कई राज्यों से आ रही हैं। इस काम में जुटे लोगों के हौसले काफी बुलंद हैं। ऑनलाइन टिकट बुकिंग के अलावा उन्होंने कई शहरों में अपने मुलाजिम तक तैनात किए हैं, जो इस सारे कारोबार को चलाते हैं। ऐसे में उसी रूट पर चलने वाले विभिन्न राज्य की सरकारी बसों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

ट्रांसपोर्ट माफिया रात आठ बजे के बाद पूरी तरह से इलाके में सक्रिय हो जाता है। यह सारा काम निजी टूरिस्ट बसों की आड़ में होता है। नाम के लिए यह टूरिस्ट बसें होती हैं, लेकिन यह बसें पूरे रास्ते सवारियां उठाते हुए चलती हैं। इससे जहां उन्हीं रूट पर चलने वाले विभिन्न राज्यों की सरकारी बसों को नुकसान होता है। वहीं ये बसें बस अड्डों में न जाकर बस अड्डा फीस भी बचाती है।

बिना परमिट वाली बसों में सफर करना यात्रियों के लिए भी नुकसानदायक है। यदि बस का हादसा हो जाए तो इश्योरेंस कंपनियां भी इनमें सफर करने वाली सवारियों के क्लेम क्लीयर नहीं करती है।

**परमिट के नाम पर ही होता है सारा खेलः** ट्रांसपोर्ट माफिया का सारा खेल परमिट के नाम पर हीं होता है। दो तरह के परमिट होते हैं, जिन्हें कॉमर्शियल वाहन मालिक को लेना होता है। इसमें एक पिक एंड ड्रॉप परमिट होता है। इसमें कहीं से भी सवारी उठाकर उतारी जा सकती है, जबकि दूसरा कांट्रैक्ट कैरिज परमिट होता है जिसमें रास्ते में सवारी उठाने की अनुमति नहीं होती है, लेकिन ज्यादातर लोग कांट्रैक्ट कैरिज का ही प्रयोग करते हैं जिससे सरकार को नुकसान होता है। नेशनल हाईवे अथारिटी द्वारा हाईवे पर अवैध तरीके से खड़ी बसों पर कारवाई ना करना उनकी कार्य पद्धति पर सवालिया निशान लगाता है।

## खुलेआम सड़क किनारे लगाई जा रही मांस की दुकान प्रशासन मौन

रवि सिंह चौहान

**करण वाणी, न्यूज़ फतेहपुर/खागा ।** नगर पंचायत खागा में सड़क किनारे अवैध रूप से संचालित चिकन और मटन की दुकानदारों पर जिला प्रशासन की नजर नहीं जा रही है। यही कारण है कस्बे के दुकानदार खुले में मटन बेच रहे हैं। बकरों को बलि देने से लेकर मीट की बिक्री के लिए सरकार ने जो मानक तय किए हैं उसका पालन नहीं हो रहा है। ऐसा कर मीट व्यवसायी ग्राहकों को खतरे में डाल रहे हैं। पूर्वी बाईपास सहित कई कई स्थानों पर नियमों की अनदेखी कर खुलेआम सड़कों पर मांस बेचा जा रहा है। इन दुकानों पर मांस को बिना ढके टांगा जाता है, जिन पर मक्खियां भिनभिनाती रहती है। हैरत की बात यह है कि कुछ दुकानदार अस्वस्थ बकरे और मुर्गे भी काट लोगों में बीमारी परोस रहे हैं। साफ-सफाई के अभाव में तेज दुर्गंध निकलती है। लेकिन दुकानों के संचालकों पर कोई असर नहीं पड़ता है।




**मानकों का ख्याल है जरूरीः** अवैधे मांस की बिक्री पर प्रतिबंध है। कारोबार करने वालों के पास एक कमरा होना चाहिए, जिसमें मांस का उत्पादन व बिक्री की अलग-अलग जगह निर्धारित हो। वध किए जाने वाले बकरे का स्वस्थ रहना सबसे अहम है। पशु चिकित्सा विभाग, नगर परिषद और पुलिस को कार्रवाई की शक्तियां है।

एक दो को छोड़कर किसी के पास भी मांस, मुर्गा और दुकान विभाग से निबंधित नहीं, कार्रवाई के नाम पर होती है खानापूर्ति, पशु चिकित्सा विभाग, नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई खागा पूर्वी बाईपास के पास खुले में अवैध रूप से हो रही मांस की बिक्री।

## हर्षोल्लास से मनाया गया प्रवेश उत्सव

**औंग, फ तेहपुर।** सरकारी आदेशानुसार प्राथमिक विद्यालय दुर्गागंज, विकास खण्ड मलवा जनपद फतेहपुर मे प्रवेश उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया द्य एकेडमिक रिसोर्स परसन डॉ0 सुनील कुमार तिवारी ने समय से स्कूल मे पहुंच कर गांव मे प्रधान प्रतिनिधि एवं पंचायत मित्र अकरम खान, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा रानी प्रधानाध्यापिका श्रृद्धा सहायक शिक्षिका रुबीना, सुप्रिया शिक्षामित्र दुर्गा के साथ गांव भ्रमण कर अभिभावकों से बच्चो को स्कूल भेजनें के लिए अनुरोध किया गया ततपश्चात स्कूल पहुंच कर सभी बच्चो का रोली एवं गिफ्ट देकर स्वागत किया गया। नव प्रवेशित बच्चो के साथ अभिभावकों/माताओ को भी बुला कर प्रतिदिन स्कूल मे बच्चो को तैयार कर भेजनें के लिए अनुरोध एवं प्रेरित किया गया। विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## लकड़ी माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने हेतु दिया पत्र

संवाददाता

**खागा, फतेहपुर।** वन रेंज खखरेरू क्षेत्र के हकीमपुर खन्तवा गांव में हुई नीम व शीशम के लगभग आधा दर्जन से अधिक प्रतिबंधित हरे पेड़ों के अवैध कटान की ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर वन अधिनियम के तहत लकड़ी माफिआओं के विरुद्ध थाना प्रभारी निरीक्षक को एफआईआर दर्ज करने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु शिकायती पत्र दिया।

खागा तहसील क्षेत्र के खखरेरू थाना अंतर्गत हकीमपुर खन्तवा में लकड़ी माफिआओं द्वारा लगभग आठ पेड़ नीम शीशम कटवा ले गए। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को फोन द्वारा दी गई। जिस पर वन अधिकारियो ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच पड़ताल शुरू कर कार्यवाही सुनिश्चित कर दिया।वही खखरेरू वन रेंज दरोगा अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि बीट क्षेत्र के दौरान ग्राम हकीमपुर खंडवा में नीम एवं शीशम के पेड़ के काटे जाने की सूचना जारी मोबाइल से मिली जिस पर मौके पर पहुंचने पर ग्रामीणों से पूछताछ किया गया।तो पता चला कि तीन पेड़ मालिकों के है। और पेड़ मालिकों से पूछताछ करने पर जानकारी हुई की रहीश अहमद पुत्र शरीफ व नौशाद उर्फ खलीफा पुत्र नूर मोहम्मद निवासी हकीमपुर खन्तवा थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर द्वारा उक्त पेड़ों को काट कर मौके से समस्त लकडी उठा ले गए। और उन्होंने बताया कि मौके पर नीम के भूमि में गड़े खड़े कटे ठूंठ की गोलाई नपतनुसार 1.3 मीटर,1.25 मीटर,1.20 मीटर,1.15 मीटर,1.29 मीटर,1.10 मीटर,1.15 मीटर ,1.25 मीटर एक शीशम भूमि में गड़े खड़े ठूंठ की गोलाई नपतनुसार 1.40 मीटर है।जो कि वन अपराध की श्रेणी में आता है। तथा उन्होंने बताया कि वन संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 उत्तर प्रदेश वन उपज अभिवाहन नियमावली 1978 की धारा 3/28 के अन्तर्गत उक्त लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज कराने हेतु लिखित पत्र दिया गया है।

## दिव्यांगजनों को डीएम ने कर्मनिष्ठा के लिए किया सम्मानित

संवाददाता

**फ तेहपुर।** जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गाँधी सभागार में जिला दिव्यांग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों को उनकी कर्मनिष्ठा एवं प्रयास के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रयास से ही जनपद का नाम लंदन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड एवं एशिया पेसिफिक रिकार्ड में सम्मिलित होना सम्भव हुआ है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनो के स्वरोजगार एवं स्वालंबन पर कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर विकास खण्ड में दिव्यांगजन के स्वयं सहायता समूह (एस0एच0जी0) बनवाये जाये एवं उन्हें स्वावलंबन की राह पर आगे बढाया जाए और दिव्यांगजनों के रोजगार में बढोत्तरी करने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि मनरेगा में दिव्यांगजनों को भी वरीयता दी जाए साथ ही यह भी निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतवार दिव्यांगजन हितार्थ चलायी जा रही योजनाओं यथादृदिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना, कॉक्लियर इम्पलांट योजना, करेक्टिव सर्जरी योजना इत्यादि का प्रचार-प्रसार धरातल पर कराना सुनिश्चित करें । उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ओ0पी0डी0 एवं पर्चा काटने की लाईन में दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाए ताकि उन्हें भीड़ की वजह से असुविधा का सामना न करना पड़े और मूकबधिर दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र हेतु मेडिकल कालेज फतेहपुर में ही रेफर किया जाये न कि किसी अन्य जनपद में। साथ ही मेगा कैम्प के माध्यम से मूकबधिर दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र गतिपूर्ण तरीके से निर्गत किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सदस्य सचिव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## दानवीर भामाशाह का मनाया जन्म दिवस



संवाददाता

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के द्वारा पीलू तले स्थित कार्यालय में महान देशभक्त एवं दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण जायसवाल एडवोकेट ने किया और कहा कि समाज ऐसे महापुरुष का जन्म दिवस मना रहे हैं जिसने सात पीढ़ियों का संचित धन राष्ट्र रक्षा हेतु राष्ट्र के स्वतंत्रता सेनानी महाराणा प्रताप को समर्पित कर दिया जो समाज के लिए अनुकरणीय है। महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी ने कहा कि 28 जून 1547 को मेवाड़ राजस्थान में जन्मे दानवीर शिरोमणि भामाशाह महाराणा प्रताप के अच्छे सलाहकार थे।जब महाराणा प्रताप को युद्ध के लिए धन की आवश्यकता होती थी तब भामाशाह अपने कोष से आर्थिक मदद करते थे।

इसलिए वह अपनी सेना को संगठित करते थे। इस दौरान बैठक में राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल, वेद प्रकाश गुप्ता, राजीव पोरवार,अमित गुप्ता, नारायण गुप्ता, दिलीप मोदनवाल, संतोष साहू, सत्येंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण का हुआ समापन

संवाददाता

**खागा, फतेहपुर।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, रामपुर थरियांव द्वारा 'महिलाओं हेतु ब्यूटी पार्लर प्रबंधन' तीस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य ग्रामीण आजीविका विभाग फतेहपुर उपायुक्त स्वतरू रोजगार अशोक कुमार गुप्ता रहें। तथा संचालन संकाय सदस्य परीक्षित मौर्य ने किया। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संसथान निदेशक प्रतीक शर्मा ने आये हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करते हुए बताया कि संस्थान में ज़िले की विविध ब्लाकों से 34 प्रशिक्षणार्थियों को ब्यूटी पार्लर प्रबंधन कौशल एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने अपने प्रशिक्षण के अनुभव साझा किये। वही मुख्य अतिथि उपायुक्त स्वतरू रोजगार अशोक कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं को समय के साथ ताल से ताल मिलाकर चलना होगा। महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नही हैं, बस आवश्यकता है तो अपने अंदर की शक्ति को पहचानने की। और उन्होंने कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनायें देते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्य को साकार के लिए दृण संकल्प होकर काम शुरू करने की अपील की तथा उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं जल्द से जल्द स्वावलंबी बनकर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए। वही निदेशक जी ने महिलाओं के उत्साहवर्धन के साथ अपनी एवं बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन एवं प्रमाण के लिए लिखित परीक्षा एवं प्रायोगिक जांच के बाद मुख्य अथिति ने सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किये। वही संस्थान के संकाय सदस्य परीक्षित मौर्या ने जानकारी दी कि संस्थान जिले के बेरोजगार युवाओं को उद्यमिता से जुड़ने के लिए अभिप्रेरित कर रहा है तथा इस कार्यार्थ निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है और जल्द ही महिलाओं हेतु वस्त्र चित्र कला का प्रशिक्षण शुरू होने जा रहा है जिसके पंजीकरण अभी हो रहे है। इस मौके पर राज्य ग्रामीण आजीविका विभाग उपायुक्त स्वत रोजगार अशोक कुमार गुप्ता, बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान निदेशक प्रतीक शर्मा, संकाय सदस्य परीक्षित मौर्य, प्रशिक्षिका भावना यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## निःशुल्क होमियोपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ0 सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव द्वारा मवइया स्थित समाजकल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में निःशुल्क होमियोपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ0 अनुराग द्वारा सभी 85 वृद्धजनों का रक्तचाप परीक्षण कर उनके रोगों के हिसाब से होमियोपैथिक औषधियाँ प्रदान की गई। अधिकांश वृद्धजन जोड़ों के रोग, खांसी, उच्च रक्तचाप, पाचन सम्बंधित बीमारियों से परेशान थे। सभी वृद्धजनों को शक्तिवर्धक व पाचन सम्बंधित सीरप भी दिये गए। इस अवसर पर वार्डन नीतू वर्मा, अशोक कुमार सहित प्रमुख सहयोगी सुनील जोशी उपस्थित रहे।

## आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएः डीएम

संवाददाता




**फतेहपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह जुलाई 2024 की अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट गांधी सभागार जिलाधिकारी सी.इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उन्होंने प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों से कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करते हुए स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित सभी बिंदुओं की बिंदुवार समीक्षा की। क्षय रोगियों के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप हर हाल में क्षय रोगियों की जांच कराना सुनिश्चित करे, के लिए विकास खंडवार कार्ययोजना बनाकर टीम भावना के साथ कार्य करे। प्रधानमंत्री टी0बी0 रोग मुक्त भारत योजना के तहत क्षय रोगियों को दवाओ को समय से दी जाय और निरन्तर देखभाल करते रहे। इस सम्बंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अभी तक बैठक नही किये हैं वो तत्काल बैठक करके आशा/आंगनबाड़ीयो को किये जाने वाले कार्यो के प्रति जागरूक किये जाय। टी0बी0 की टेस्टिंग लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत निर्धारित समय के अंतर्गत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में खण्ड विकास अधिकारी सहयोग करें।

तभी यह कार्यक्रम सफल हो सके। क्षय रोग अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम हेतु जो टीम बनायी गयी है उसका नाम, मोबाइल नंबर उप जिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक व 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा, जिसमें संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर दी गयी जिम्मेदारियों का सही से निर्वाह करते हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाया जाय। उन्होंने कहा कि जिन विकास खंडों की बैठक शेष रह गई है, को कराते हुए बैठक की कार्यवृत्ति से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर खंड विकास अधिकारी एवं नगर पालिका/नगर पंचायतों में अधिशाषी अधिकारी से समन्वय बनाते हुए साफ सफाई, झाड़ियों की कटाई, इंटीलार्वा का छिड़काव आदि कार्य कराते हुए रिपोर्ट, फोटोग्राफ सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा साथ मिलकर घर-घर भ्रमण के दौरान बुखार के रोगियों की सूची आईएलआई रोगियों की सूची टीबी रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची कुपोषित बच्चों की सूची कुष्ठ रोग फाइलेरिया रोग एवं कालाजार रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची को एक कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रचार सामग्री समय से उपलब्ध करा दे। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप मुख्य चिकित्साधिकारी, ए0सी0एम0ओ0, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अलग-अलग स्थान में मिट्टी खनन करते समय तीन जेसीबी पकड़ी

संवाददाता

**बिंदकी, फतेहपुर।** रात में हो रही मिट्टी खनन की जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी तथा नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीन अलग-अलग स्थान में मिट्टी खनन करते समय तीन जेसीबी पकड़ी जिनको पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया इस बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात को बकेवर थाना क्षेत्र के पधारा गांव में मिट्टी खनन का काम चल रहा था जिस पर उप जिलाधिकारी अभिनित कुमार तथा नायब तहसीलदार अमरेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। मिट्टी खनन करते समय एक जेसीबी को पकड़ लिया गया पकड़ी गई जेसीबी को अधिकारियों ने बकेवर थाना परिसर में खड़ा कर दिया। इसी प्रकार अधिकारी थाना कल्याणपुर क्षेत्र के कंशपुर गुगौली गांव में मिट्टी खनन का काम चल रहा था जिस पर दोनों अधिकारियों ने एक जेसीबी पकड़ी वहीं थाना कल्याणपुर क्षेत्र के अंतर्गत ही मुरादीपुर गांव में रात को मिट्टी खनन का काम चल रहा था यहां पर भी एसडीएम तथा नायब तहसीलदार ने एक जेसीबी को पकड़ लिया मुरादीपुर तथा कंशपुर गुगौली गांव से पकड़ी गई दो जेसीबी थाना कल्याणपुर परिसर में खड़ा कर दी गई इस बड़ी कार्रवाई से हड़प का मचा रहा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में मारी टक्कर, दो छात्राओं की मौत



**युवक गंभीर, बीए की परीक्षा देने जा रही थीं**

संवाददाता

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में बृहस्पतिवार की सुबह मक्का लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घायल को अस्पताल पहुंचाया। हादसा बिछ्वां थाना क्षेत्र के लोधीपुर-बहादुरपुर मार्ग पर हुआ। अमित सुबह पत्नी पुष्पांजलि (25) और सहेली अनामिका (24) को बीए की सेमेस्टर परीक्षा दिलवाने बिछ्वां कस्बा के सुंदर सिंह महाविद्यालय, बहादुरपुर आ रहे थे। लोधीपुर-बहादुरपुर मार्ग पर मक्का लदी टैक्टर-ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद तीनों बाइक सवार उछलकर दूर गिरे। हादसा देख आसपास के लोग भागकर पहुंचे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। तीनों को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद पुष्पांजलि और अनामिका को मृत घोषित कर दिया। वहीं अमित का इलाज किया जा रहा है। अमित कुरावली थाना क्षेत्र के पनवाह जखरुआ गांव के रहने वाले हैं। जबकि अनामिका सुजरई गांव की रहने वाली थी।

# आम जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

संवाददाता




**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद अमेठी के आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराये जाने के सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थापित किये गये एम0एन0सी0यू0/ एम0एन0बी0एस0यू0 के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता किया। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुरसतगंज, जगदीशपुर, अमेठी, बाजार शुकुल में 02-03 बेड का एम0एन0बी0एस0यू0 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई, मुसाफिरखाना, शाहगढ़, संग्रामपुर, भेटुआ, भादर, जामों, सिंहपुर में 02-03 बेड एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज, जनपद अमेठी में 16 बेड का एम0एन0सी0यू0 (Maternal newborn care unit) की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात स्टाफ नर्स व प्रसव कार्य हेतु नामित अन्य स्टाफ को राज्य स्तरीय कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब (सी0ई0एल0) टीम द्वारा एम0एन0सी0यू0/कंगारू मदर केयर का प्रशिक्षण प्रदान करा दिया गया है। जनपद में एम0एन0सी0यू0 / एम0एन0बी0एस0यू0 की स्थापना से नवजात शिशु एवं धात्री माताओं को नजदीकी चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। चिकित्सालयों में पैदा होने वाले कम वजन के बच्चों को तत्काल एम0एन0सी0यू0 में भर्ती कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी जिससे उनकी बेहतरीन देखभाल हो सके। इस अवसर पर के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी एम0एन0सी0यू0. डॉ राम प्रसाद समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एम0एन0सी0यू0 के निर्माण व संचालन में वैज्ञानिक व तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही संस्थान कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब के प्रतिनिधि व जनपद के सम्मानित पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

# बागेश्वर धाम गए तो पड़ोसी ने सोशल मीडिया पर डाले आपत्तिजनक पोस्ट

**लगाए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे**

संवाददाता



**बहराइच।** बहराइच में सिसई हैदर गांव के युवक के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गांव के ही एक युवक ने आपत्तिजनक पोस्ट की। मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम से युवक के गांव वापस आने पर उसी आरोपी युवक ने देश विरोधी नारेबाजी की। जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। पीड़ित ने कोतवाली में युवक को नामजद कर सांप्रदायिक विद्वेश फैलाने, धार्मिक आस्था आहत करने की धाराओं में एक युवक को नामजद कर केस दर्ज कराते ही पुलिस तहकीकात में जुट गई है। देहात कोतवाली के सिसई हैदर गांव निवासी अभिषेक चौबे 12 जून को बागेश्वर धाम गए। उनके सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पड़ोसी गांव मानपुर गजपतिपुर के युवक ने तमाम अपमान जनक भाषा की टिप्पणी की। कई गलत तरह के पोस्ट डाले। इतना ही नहीं जब 25 जून को वापस गांव आए तो उसी युवक ने उनके घर के सामने खड़े होकर हिंदुस्तान मुर्दाबाद व पाकिस्तान जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।इस मामले में पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की। पीड़ित ने पुलिस को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट हुए आपत्तिजनक पोस्ट की भी जानकारी दी। इसके अलावा पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है और देश विरोधी नारेबाजी से जुड़ी धाराएं भी जोड़ी जाएंगी। मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

# पकौड़े बेचने वाले की नाले में मिली लाश

**सीसीटीवी में दिखा पकड़ कर ले गए थे तीन लोग**

संवाददाता



**वाराणसी।** वाराणसी में लोहता थाना क्षेत्र के कोरौता बाजार में गुरुवार रात दो बजे पकौड़ा विक्रेता 54 वर्षीय कैलाश प्रजापति का शव नाले में औंधे मुंह पड़ा मिला। बताया जाता है कि कैलाश विगत आठ वर्ष से कोरौता बाजार में शिव मंदिर परिसर के भांग के पकौड़ा ठेले पर बेचने का काम करता था। रात लगभग दो बजे एक दुकानदार की नींद खुली तो उसने देखा कैलाश प्रजापति निर्माणाधीन नाले में पड़ा है। उसके ठेके पर मोबाइल नंबर से उसने कैलाश के घर वालों को सूचना दी। परिजन पुलिस को सूचना दिए। पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने पर ले आयी। तथा आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखी उसमें तीन लोग कैलाश को पकड़ कर ले जा रहे हैं लेकिन चेहरा अस्पष्ट नहीं हो रहा है। मालूम हो कि कैलाश के साथ दूसरा भांग का पकौड़ा बेचने वाले से एक वर्ष पहले मारपीट हो गई थी। उसने कैलाश का एक हाथ फैक्चर हो गया था। लेकिन बाद दोनों के बीच सुलह समझौता हो गया था। कुछ दिन पहले उसी दुकानदार ने किसी बात को लेकर कैलाश के ऊपर मिर्च पाउडर का पानी फेंक दिया था। पुलिस चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घर की महिलाएं ने कोरौता बाजार में वाराणसी- भदोही मार्ग सुबह छह बजे से आठ बजे तक चक्का जाम कर दिया था। पुलिस के समझाने पर जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया है। परिजनों को रात में सूचना मिल गई थी। इसके बाद से ही मृतक के घर मे कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले में सीसीटीवी खंगाले गए हैं और चार लोगों को हिरासत में लिया है। सभी के बयान दर्ज किए गए हैं और जल्द मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पिता ने बाइक देने से किया मना... तो बेटे ने चाकू से रेत लिया खुद का गला



संवाददाता

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा में पिता ने बाइक देने से मना किया तो युवक ने चाकू से खुद का गला काट लिया। लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। घरवालों ने देखा तो चीख पड़े। वह आनन फानन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां से उसे आगरा के लिए रेफर किया गया है। घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के पराग डेयरी के समीप स्थित काशीराम कॉलोनी की है। यहां के निवासी मोहम्मद अनीस का बेटा आशू बाइक लेकर कहीं जाना चाहता था। पिता ने बाइक ले जाने से मना किया। इस पर उसने चाकू से अपना गला रेत लिया। घरवालों ने देखा तो उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे आगरा के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर आगरा चले गए। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा तीन-चार जुलाई को

**पीयू परिसर के पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 3-4 जुलाई को**

**प्रवेश पत्र 25 जून से डाउनलोड हो रहे**

संवाददाता




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने परिसर में चलने वाले पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) सत्र 2024-25 तीन और चार जुलाई को होगी।

पीयू कैट के समन्वयक प्रोफेसर मिथिलेश सिंह ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश परीक्षा डी फार्मा, बीटेक, बीए एलएलबी, बीबीए, बीएससी, बीकाम ऑनर्स, बीसीए, एमसीए, एमबीए तथा एमबीए के अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा तीन और चार जुलाई को होगी। इन परीक्षाओं का एडमिट कार्ड 25 जून से डाउनलोड हो रहा है। प्रवेश परीक्षा तीन चरणों में होगी प्रथम चरण नौ से 11, दूसरा चरण 12 से दो, तीसरा चरण तीन से पांच बजे होगी। सभी परीक्षाएं परिसर के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान में होगी, जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा नहीं हो रही है उन पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश मेरिट के आधार पर 5 जुलाई से लिया जाएगा। अभ्यर्थी संबंधित विभाग से संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विदित हो कि विश्वविद्यालय परिसर में बीएससी, बीए, बीकाम, बीए एलएलबी आनर्स (फाइव इयर इनटीग्रेटेड कोर्स), बीए (जनसंचार, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र), बीसीए, बीबीए, बीटेक, एमएससी, एमए, एमबीए, एमसीए, एमए जनसंचार, एमटेक, डिप्लोमा इन फार्मेसी, मेकनिकल इंजीनियरिंग, पीजी डिप्लोमा इन जेंडर वूमेन स्टडी, ट्रासलेशन के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत

संवाददाता

**ललितपुर ।** जनपद में बारिश की शुरूआत के साथ तेज हवाओं के बीच मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। आकाशीय बिजली गिरने से जाखलौन में दो और सिंदवाहा में एक युवक समेत तीन लोगों की मौत की घटना प्रकाश में आई है। वहीं दो लोग झुलसी हालत में अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। पुलिस व प्रशासन ने रिपोर्ट तैयार करते हुए शवों को पोस्टमार्टम भेजते हुए कार्रवाई की है।जानकारी के मुताबिक, मानसून की प्री बारिश बुधवार से जारी हुई और रूक-रूक कर गुरुवार को भी जारी है। इस बारिश से जिले का तापमान गिरा और मौसम सुहाना होने से लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन इस बरसात के बीच आकाशीय बिजली गिरने से जनहानि की घटनाएं होने से ग्रामीण बैचेन हैं। बीते 24 घंटे में अलग–अलग जहगों पर पांच लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से तीन की मौत हो गई है। जबकि दो का उपचार अस्पताल में चल रहा है।कस्बा जाखलौन में रहने वाले 48 वर्षीय किसान लल्लू पुत्र हल्के कुशवाहा बुधवार को खेत गए थे। शाम के समय मौसम में मेघ गर्जना के साथ बारिश होने लगी। इस बीच आकाशीय बिजली गिरने से लल्लू चपेट में आ गए। घटना देख ग्रामीण बेहोशी की हालत में उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इसी तरह कस्बा निवासी कैलाश (59) अपने बेटे रामदयाल (32) के साथ खेत पर काम करने गए थे। अचानक शुरू हुई बारिश से बचने के लिए वह एक पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए। इस बीच आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी और पिता-पुत्र उसकी चपेट में आकर झुलस गए।

# मुरादाबाद में 12 घंटे लगातार बारिश से तीन डिग्री पारा घटा

**बरसात के पानी से महानगर लबालब**

**मौसम विशेषज्ञ बोले, यह प्री मानसून की बरसात हैं, एक जुलाई से मानसून की बारिश शुरू हो जाएगी**

संवाददाता



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में बुधवार देर रात्रि शुरू हुई मूसलाधार बारिश गुरुवार दोपहर तक जारी रही। इससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आ गई। वहीं गली-मोहल्ले और कॉलोनियां बारिश के पानी से लबालब हो गई। प्री मानसून की इस बारिश से गुरुवार को जिले का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया हैं, वहीं अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।जनपद में बीती बुधवार देर रात्रि 12 बजे के लगभग बिजली की तेज गड़गड़ाहट के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई, जो रुक-रुक कर गुरुवार दोपहर 12 बजे तक जारी रही। 12 घंटे की इस बारिश से एमडीए व आवास विकास की कालोनियां और कई गली-मोहल्ले में लबालब पानी भर गया। जिससे लोगों को आवागमन में बहुत दिक्कत हुई।मौसम विशेषज्ञ डा. आनंद कुमार सिंह का कहना है कि यह प्री मानसून की बारिश हो रही है और एक जुलाई से मानसून की वर्षा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद व आसपास के क्षेत्रों में 30 जून तक बादलों की आवाजाही रहने के साथ बूंदाबांदी व तेज बारिश की पूरी संभावना है।

जून माह के प्रारंभ से मुरादाबाद में भीषण गर्मी पड़ रही थी, जिसके कारण जिले का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, वहीं न्यूनतम तापमान ने भी जून माह में पिछले दो दशक का रिकार्ड तोड़ दिया था।

इस बार जून माह में मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। सप्ताह भर में तीन से चार दिन की बूंदाबांदी और बारिश के बाद मौसम में काफी परिवर्तन हो गया हैं। जिले में अगले छह दिन तक बादलों की आवाजाही लगी रहेगी। सुबह वातावरण में नमी 75 फीसदी थी, जो शाम को 80 फीसदी दर्ज किए जाने का अनुमान हैं। पूरब से पश्चिम दिशा में हवा की गति सात से बारह किलोमीटर प्रति घंटे से चल रही।

# वाराणसी-चंदौली रोड पर चलती कार बनी आग का गोला

**सूझ-बूझ से बची तीन जान**

संवाददाता

**वाराणसी।** वाराणसी में एक हादसे में तीन लोगों की जान बाल-बाल बच गई। सूझ-बूझ से और सही समय पर निर्णय लेने से तीनों की जान बची। चलती कार में आग लगने के कारण तीन लोग उसमें फंसे थे। सही समय पर तीनों ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही सेकेंड में आग का गोली बनी कार से सही समय पर यात्रियों के उतरने से जान हानी नहीं हुई। वहीं कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई।हादसा वाराणसी-चंदौली मार्ग पर हुआ। सोमवार की रात को हबीब खान अपने परिवार के ही अन्य दो सदस्यों के साथ अपनी कार से चंदौली से वाराणसी जा रहे थे। इस बीच चंदौली के मालवीय पुल के संपर्क मार्ग पर पहुंचते ही उनकी गाड़ी ने आग पकड़ ली। आग के कारणों का नहीं पता चल पाया है लेकिन अचानक गाड़ी में लगी आग से पहले तो सभी सकते में आ गए। फिर सभी ने सूझ-बूझ दिखाते हुए निर्णय लिया और आग की लपटे देख गाड़ी से कूद गए। तीन लोग समय रहते गाड़ी से कूद गए, जिससे वे बाल-बाल बच गए।कार मार्ग के बीच में ही रुक गई लेकिन कुछ ही सेकंड में आग की लपटों ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। कार को जलता देख व्यस्त सड़क पर अफरा-तफरी मच गई।

इस घटना की जानकारी दमकल विभाग और पुलिस को भी दी गई। सूचना पर अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। हालांकि तब तक आग के कारण पूरी कार जलकर खाक हो चुकी थी। इसके बाद वाराणसी-चंदौली मार्ग पर यातायात सामान्य किया गया।

# प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर दी जान

संवाददाता



**जालौन।** उरई में दो प्यार करने वाले प्रेमी युगल के बीच परिवार वाले आ गए और उनसे अलग होने की बात कहने लगे। इससे नाराज प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। युवक-युवती को एक दिन पहले ही अपने गांव लेकर गया था।यहां उसके परिजनों ने उसे अपनाने से इन्कार कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के बरदौली गांव निवासी मनीष कुमार (23) शहर कोतवाली क्षेत्र के सुशील नगर निवासी दीक्षा गौतम (20) से प्रेम करता था। दोनों अक्सर शादी की बातें करते थे, लेकिन परिजन उनके रिश्ते से नाराज थे। बुधवार की देर शाम मनीष दीक्षा को लेकर अपने गांव पहुंचा और परिजनों से शादी करने की बात कही। इस पर परिजनों ने समाज का हवाला देते हुए उनकी बात नहीं मानी और घर से चले जाने की बात कही।**दोनों ने ट्रेन से कटकर जान दे दी:** इसके बाद गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे दोनों घर से निकल आए और उन्होंने कालपी कोतवाली क्षेत्र के छौंक गांव के पास निकली रेलवे लाइन से किसी ट्रेन से कटकर जान दे दी। जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को लग, तो घर में कोहराम मच गया।**शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** जानकारी पर लड़के व लड़की पक्ष के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों के परिजनों से बात कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों का कहना है कि अगर परिजन उनकी शादी करवा देते, तो शायद उनकी जान बच जाती। पुलिस जांच में जुटी है।

अलग ना हो इसलिए, गमछे से बांध लिए थे हाथदोनों प्रेमी युगल जब ट्रेन से आत्महत्या करने जा रहे थे, तो एक दूसरे से अलग ना हो इस पर उन्होंने गमछे से एक दूसरे के हाथ बांध दिए और आपस में लिपट गए। ट्रेन के आने पर दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

## जनपद में एक माह तक किया जायेगा बाल स्वास्थ्य पोषण माह का आयोजन

**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अंशुमान सिंह ने बताया कि आज जिला संयुक्त चिकित्सालय पर आयोजित बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 संजय कुमार, जिला सर्विलांस अधिकारी डब्लू0एच0ओ0 डॉ0 जकारिया चौहान, डी0एम0सी0 यूनिसेफ अनुराग तथा वी0सी0सी0एम0 दीपक शुक्ला आदि उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जनपद में एक माह तक आयोजित होने वाले बाल स्वास्थ्य पोषण माह के तहत 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को ''विटामिन-ए'' की खुराक पिलायी जायेगी तथा जनपद में लक्षित 240000 बच्चों को ''विटामिन-ए'' की खुराक से आच्छादित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ''विटामिन-ए'' बच्चों को कुपोषण, रतौंधी, खसरा, शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक, दस्त से बचाव, हड्डी को मजबूती प्रदान करने तथा अन्य आंख सम्बन्धित बीमारी से बचाता है।

# 13 साल बाद प्रोफेसर को पता चला पत्नी कर चुकी निकाह

**धर्म परिवर्तन भी किया, धोखा देकर लिए सात फेरे**

संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज के इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर ने पत्नी पर धोखा देने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवा दिया है। विश्वविद्यालय के छात्रों को पढ़ाने वाले शिक्षक ने अपनी पत्नी पर 13 साल पहले झूठ बोलकर धोखे से शादी करने का आरोप लगाया है।साथ घर में बवाल कर बेटे को मां से अलग करने का आरोप भी पत्नी पर लगाया है। शिक्षक ने पत्नी के अलावा साली और सास पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। शिक्षक ने शादी के 13 साल बाद पत्नी और ससुराल वालों के खिलाफ धोखा देने और उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है। दरअसल, इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शिक्षक के रूप में तैनात एसोसिएट प्रोफेसर ने पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई। पुलिस को दी गई शिकायत में शिक्षक ने पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि उनकी शादी 13 साल पहले असम की रहने वाली युवती से हुई थी। जिस वक्त उनकी शादी हुई उससे पहले उनकी पत्नी ने किसी मुस्लिम युवक से शादी की थी और उस पति को छोड़ने के बाद खुद को गैर शादीशुदा बताते हुए शिक्षक से शादी कर ली।

आरोप है कि पत्नी के कुंवारे होने के झूठ में उसके घरवाले भी शामिल थे और सभी ने मिलकर पहली शादी की बात छिपाकर उनकी शादी करवा दी थी।यही नहीं शिक्षक ने यह भी आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी ने मुस्लिम युवक से शादी करने के लिए अपना धर्म भी परवर्तित कर लिया था। यह सभी बातें उसने छिपाई गयी और झूठ के बुनियाद पर उनकी शादी हो गयी। शादी के बाद से ही पति पत्नी के रिश्ते ठीक नहीं हुई। उसी दौरान शिक्षक की पत्नी ने अपनी सास के साथ इतना विवाद किया कि बेटे को मां से अलग रहना पड़ा।प्रोफेसर का कहना है कि 2011 में असम की युवती से उनकी शादी हुई थी। एक महीने पहले उन्हें अपने घर के कमरे में कुछ ऐसे दस्तावेज मिले जिससे उन्हें पता चला कि 13 साल पहले उनसे शादी से पहले उनकी पत्नी ने धर्म परिवर्तन करके मुस्लिम युवक से ब्याह रचाया था। शादी के बाद वो दिल्ली में रहने वाले पति के साथ रहती थी और कुछ समय बाद उससे अलग होकर 2011 में उनके साथ शादी कर ली।शादी से पहले शिक्षक को उसकी पत्नी ने पहले से शादी शुदा होने की बात नहीं बतायी न ही उसके घरवालों ने इस बात का जिक्र किया।शादी के बाद जब उनका पत्नी से विवाद शुरू हुआ तो पत्नी की मां और बहन ने आकर उनका उत्पीड़न शुरू कर दिया। जबरन दहेज के केस में फंसाने की धमकी दी साथ ही साथ ही उन्हें सोशल मीडिया में बदनाम भी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कनाडाई संसद के प्रमुख उपचुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी जीती

**ओटावा।** कनाडा में टोरंटो-सेंट पॉल सीट पर हुए उपचुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी ने 30 सालों से काबिज लिबरल पार्टी को हरा दिया है। इस हार के साथ ही प्रधानमंत्री ट्रूडो की लोकप्रियता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को संघीय उपचुनाव में झटका लगा है। कंजर्वेटिव पार्टी ने ट्रूडो की लिबरल पार्टी को उनके ही गढ़ में हरा दिया। उपचुनाव में हुई कांटे की टक्कर में कंजर्वेटिव उम्मीदवार डॉन स्टीवर्ट ने टोरंटो-सेंट के लिबरल गढ़ में जीत हासिल की। उन्होंने लिबरल पार्टी के लेस्ली चर्च को 590 वोटों से हराया। इस चुनाव में न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के भारतीय मूल के उम्मीदवार अमृत परहार भी शामिल थे।टोरंटो-सेंट पॉल टोरंटो, ओंटारियो प्रांत में एक संघीय चुनावी जिला है।

### पाकिस्तान में सिख विवाह अधिनियम 2024 लागू

**इस्लामाबाद।** सिख विवाह अधिनियम 2024 के तहत सिख समुदाय के 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के जोड़े विवाह और तलाक का पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री सरदार समेश सिंह अरोड़ा ने इसे ऐतिहासिक दिन करार दिया है।पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सिख विवाह अधिनियम 2024 को लागू कर दिया है। इसके तहत सिख समुदाय के 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के जोड़े विवाह और तलाक का पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रांतीय मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री मरियम नवाज की अध्यक्षता में एक बैठक की। इस दौरान पंजाब सिख आनंद कारज विवाह रजिस्ट्रार और विवाह नियम 2024 को मंजूरी दे दी।पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री सरदार समेश सिंह अरोड़ा ने इसे ऐतिहासिक दिन करार दिया है। उन्होंने कहा 'आज पंजाब विश्व का पहला ऐसा प्रांत बन गया है, जहां पंजाब सिख विवाह अधिनियम लागू किया गया है।'

### भारत और चीन दोनों के प्रस्तावों पर विचार करेगा बांग्लादेश

**ढाका।** शेख हसीना ने कहा, हमने तीस्ता परियोजनाएं शुरू कीं। चीन ने प्रस्ताव दिया है और भारत ने भी। हम दोनों प्रस्तावों का मूल्यांकन करेंगे और हमारे लोगों के हितों के संदर्भ में जो सबसे अधिक लाभकारी और स्वीकार्य होगा, उसे स्वीकार करेंगे।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को कहा कि उनका देश सीमापार तीस्ता नदी पर जलाशय से जुड़ी एक बड़ी परियोजना के लिए भारत और चीन के प्रस्तावों पर गौर करेगी और बेहतर प्रस्ताव को स्वीकार करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पिछले हफ्ते भारत की यात्रा कर चुकी हसीना ने अपने दौरे को बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि भारत के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनकी वार्ता के परिणाम मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के नए रास्ते खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हसीना ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, ÷हमने तीस्ता परियोजनाएं शुरू कीं। चीन ने प्रस्ताव दिया है और भारत ने भी। हम दोनों प्रस्तावों का मूल्यांकन करेंगे और हमारे लोगों के हितों के संदर्भ में जो सबसे अधिक लाभकारी और स्वीकार्य होगा, उसे स्वीकार करेंगे। यह पूछे जाने पर कि तीस्ता परियोजना के संबंध में भारत और चीन में से वह किस पक्ष का अधिक समर्थन करती हैं, हसीना ने कहा, ÷हम अपने देश की विकास संबंधी आवश्यकताओं के आधार पर अपनी मित्रता बनाए रखते हैं।

### चुनाव से पहले पीएम सुनक की बड़ी कार्रवाई

**ब्रिटेन।** आम चुनाव में सट्टेबाजी के मुद्दे के बीच ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसमें फंसे अपने पार्टी के दो उम्मीदवारों से समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। पीएम सुनक ने ये फैसला चार जुलाई को होने वाले चुनावों से ठीक एक सप्ताह पहले लिया है।ब्रिटेन में चार जुलाई को होने वाले आम चुनाव से पहले काफी उथल-पुथल मची हुई है। देश में सत्ताधारी दल कंजर्वेटिव पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं का नाम सट्टेबाजी में सामने आया है। बता दें कि कई दिनों से यह विवाद देश की सुर्खियों में छाया हुआ था, जिसे लेकर विपक्ष ने सरकार से आरोपियों के निलंबन की मांग की थी। वहीं सट्टेबाजी में पार्टी उम्मीदवारों का नाम सामने आने पर कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक दोनों से पार्टी का समर्थन वापस ले लिया है। कंजर्वेटिव पार्टी के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की है कि टोरी उम्मीदवार क्रेग विलियम्स और लॉरा सॉन्डर्स को अब पार्टी की तरफ से समर्थन नहीं मिलेगा। क्रेग विलियम्स वेल्स में मोंटगोमेरीशायर से चुनावी मैदान में थे। वहीं सॉन्डर्स ग्लाइंडर और इंग्लैंड में ब्रिस्टल नॉर्थ वेस्ट से सांसद के रूप में चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के उम्मीदवार थे।

### पीएम को देना पड़ा स्पष्टीकरण

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि यह गतिज बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान नहीं होगा, न ही इसमें लोगों का बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। संसद से परामर्श किए बिना हाल ही में घोषित आतंकवाद विरोधी अभियान को लेकर पाकिस्तान आलोचनाओं का सामना कर रहा है। इसी बीच पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि यह गतिज बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान नहीं होगा, न ही इसमें लोगों का बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा।पिछले सप्ताह एक उच्च पदस्थ चीनी अधिकारी द्वारा सुरक्षा को बहु-अरब डॉलर वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के भविष्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताए जाने के बाद एक नया आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद शनिवार को सरकार द्वारा घोषित 'ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकम' 2000 के दशक के मध्य से पाकिस्तानी सेना द्वारा शुरू किए गए आतंकवाद विरोधी अभियानों की श्रृंखला में से एक है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्य योजना की केंद्रीय शीर्ष समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की गई।

### रूस के पूर्व रक्षा मंत्री के खिलाफ वारंट जारी

**हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेन में नागरिक ठिकानों पर हमले करने के लिए रूस के पूर्व रक्षा मंत्री और उसके सेना प्रमुख के खिलाफ मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किए। रूस और यूक्रेन के बीच बीते दो साल से ज्यादा समय से भीषण जंग जारी है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेन में नागरिक ठिकानों पर हमले करने के लिए रूस के पूर्व रक्षा मंत्री और उसके सेना प्रमुख के खिलाफ मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किए। आईसीसी ने रूस के पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और चीफ ऑफ स्टाफ जनरल वालेरी गेरासिमोव पर युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अमानवीय कृत्यों के अपराध का आरोप लगाया। अदालत की ओर से एक बयान जारी किया गया। जिसमें बताया गया है कि शोइगू और गेरासिमोव के खिलाफ इसलिए वारंट जारी किए गए क्योंकि न्यायाधीशों ने माना कि इस बात को मानने के लिए उचित आधार थे कि 10 अक्तूबर 2022 से 9 मार्च 2023 तक यूक्रेन के बिजली के बुनियादी ढांचे पर मिसाइल हमलों के लिए रूसी सशस्त्र बल जिम्मेदार हैं।

### अगले महीने रूस का दौरा करेंगे पीएम मोदी

**मॉस्को।** आरआईए के मुताबिक, एक राजनयिक सूत्र ने संकेत दिया कि पीएम मोदी जुलाई में रूस का दौरा करने वाले हैं। सूत्र ने इस बात की भी पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक बैठक होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी मॉस्को दौरे की भारत और रूस योजना बना रहे हैं। रॉयटर्स ने रूसी समाचार एजेंसी आरआईए के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। आरआईए के मुताबिक, एक राजनयिक सूत्र ने संकेत दिया कि पीएम मोदी जुलाई में रूस का दौरा करने वाले हैं। क्रेमलिन ने इससे पहले मार्च में घोषणा की थी कि मोदी को रूस आने का निमंत्रण मिला है। सूत्र ने इस बात की भी पुष्टि की कि पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक बैठक होने वाली है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने चलाया अभियान

**श्रीलंका।** नौसेना प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि श्रीलंकाई जलक्षेत्र में कथित रूप से अवैध मछली पकड़ने वाले एक ट्रॉलर को जब्त करने के लिए द्वीप राष्ट्र के अधिकारियों द्वारा शुरू किए गए अभियान में कम से कम 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक श्रीलंकाई नौसैनिक नाविक की मौत हो गई।

# इस्राइल की नई चेतावनी

▸▸ जानें फिर कौन चलाएगा यहां की सरकार

**एजेंसी**



**यरूशलम।** इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने कहा कि हमास की शासन करने की क्षमता को खत्म करने से उन देशों के लिए अवसर खुलेंगे, जो गाजा में सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं।हमास और इस्राइल बीते आठ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है।

गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, इस्राइल अपने लक्ष्य पर डटा हुआ है। उसका कहना है कि वह जल्द ही उत्तरी गाजा में हमास शासन को बदलने की योजना लागू करेगा। इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने मंगलवार को रीचमैन विश्वविद्यालय के वार्षिक हर्जलिया सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमास की शासन करने की क्षमता को खत्म करने से उन देशों के लिए अवसर खुलेंगे, जो गाजा में सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि गाजा में जो नया नेतृत्व होगा, उसमें इस्राइल के अब्राहम समझौते के साझेदार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र शामिल होंगे। वहीं इस्राइली सेना हमास के सदस्यों को ढूंढ-ढूंढ कर खत्म करना जारी रखेगी। हानेग्बी ने कहा, हम लंबे समय से इस योजना के बारे में बात कर रहे हैं। मगर तब हमारी कोशिश थी कि हमास को पूरी तरह से खत्म करना। हालांकि अब हमें इसके पूरी तरह से खत्म होने की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है। उस प्रक्रिया में लंबा समय लग सकता है। इसलिए अब हमारी यही योजना है और इस पर अमेरिका भी सहमत हैं।उन्होंने आगे कहा कि आप हमास को पूरी तरह से गायब नहीं कर सकते क्योंकि यह एक विचार है, एक अवधारणा है।गौरतलब है, अमेरिका ने युद्ध के बाद गाजा के शासन के लिए एक दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए इस्राइल के अधिकारियों पर दबाव डाला है। हालांकि बाइडन प्रशासन इस्राइल द्वारा गाजा पर कब्जा करने का हमेशा ही विरोध करता रहा है। इस बीच, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि इस्राइल के तीन युद्ध उद्देश्य हैं हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं का विनाश, सभी बंधकों की वापसी और यह सुनिश्चित करना है कि गाजा अब इस्राइल के लिए खतरा नहीं है।उन्होंने आगे कहा कि युद्ध के बाद गाजा की देखरेख अरब देशों की सहायता से यहां के नागरिकों द्वारा की जाएगी। उन्होंने कट्टरपंथ-विरोधी प्रक्रिया का भी उल्लेख किया।हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा।

## पूर्वी अफ्रीकी देश की संसद पर हमला

▸▸ हिंसा की खबरों के बीच भारतीय नागरिकों के लिए परामर्श जारी

**एजेंसी**

**नैरोबी (केन्या)।** पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या की संसद में हमलावरों के घुसने के बाद हड़कंप मच गया। आंसू गैस के गोले छोड़े जाने और हिंसा की खबरों के बीच नेता ने सुरक्षा का संकल्प लिया। इससे पहले केन्या में प्रदर्शन की खबरें सामने आईं। सुरक्षाबलों ने भीड़ तो तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले का इस्तेमाल किया।पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या जनता के विरोध प्रदर्शन के कारण सुर्खियों में है।

झ]संसद में अमर्यादित आचरण के बाद अप्रिय स्थिति पैदा हो गई। आंसू गैस के गोले छोड़े जाने और हिंसा की खबरों के बीच केन्या के शीर्ष नेता ने सुरक्षा का संकल्प दोहराया है। केन्या के नेता ने संसद पर हमले को सुरक्षा के लिए खतरा बताया और कहा है कि ऐसी अशांति किसी भी कीमत पर दोबारा नहीं होगी।भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह; हिंसाग्रस्त इलाकों में न जाने की अपील इसी बीच भारत ने अपने नागरिकों को इस अफ्रीकी देश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद उपजी तनावपूर्ण स्थिति से अत्यधिक सावधान रहने की सलाह दी है।

राजधानी नैरोबी स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक परामर्श में कहा, मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए, केन्या में सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और हालात सामान्य होने तक विरोध-प्रदर्शनों और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी जाती है।आधिकारिक अनुमान के अनुसार, वर्तमान में लगभग 20,000 भारतीय केन्या में रह रहे हैं।इससे पहले बुधवार को केन्या में उग्र विरोध-प्रदर्शन की खबरें सामने आईं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों को बल प्रयोग करना पड़ा। हालात बेकाबू होने पर आंसू गैस के गोले का इस्तेमाल किए जाने की खबरें भी सामने आईं। प्रदर्शनकारियों में शामिल पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की बहन भी आंसू गैस के गोले की चपेट में आ गईं। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक केन्या में प्रस्तावित कर वृद्धि के खिलाफ आक्रोश है। देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

# प्रधानमंत्री के घर में जबरन घुसने का प्रयास

▸▸ अनधिकृत प्रवेश के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**एजेंसी**

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री के गृह परिसर में कथित रूप से अनधिकृत प्रवेश के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चारों में एक मीडियाकर्मी भी शामिल है। मामला उत्तरी यॉर्कशायर का है।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की सुरक्षा में कथित चूक का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री के घर में जबरन घुसने का प्रयास करने वाले लोगों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। समाचार एजेंसी एपी के हवाले से पीटीआई ने बताया कि प्रधानमंत्री के आवासीय परिसर में अनधिकृत प्रवेश के आरोप में चार लोग गिरफ्तार किए गए हैं। चार लोगों में एक प्रेस फोटोग्राफर भी शामिल है।उत्तरी यॉर्कशायर पुलिस ने बताया कि उत्तरी इंग्लैंड में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के कंट्री एस्टेट परिसर में घुसने के बाद मंगलवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक दोपहर के बाद हिरासत में लिए जाने के बाद मामले की गंभीरता को भांपते हुए चारों लोगों को अवैध प्रवेश के संदेह में गिरफ्तार कर लिया गया।खबरों के मुताबिक यूथ डिमांड नाम के एक समूह ने वीडियो पोस्ट किया। इसमें जूते पहने शख्स को सुनक के तालाब में कदम रखते देखा गया। वह शौच करने का नाटक कर रहा था। चार लोगों के इस समूह ने प्रधानमंत्री को विदाई उपहार देने की बात कही और अभद्र भाषा का इस्तेमाल भी किया। समूह से जुड़े व्यक्ति ओलिवर से पुलिस अधिकारी ने अवैध तरीके से घुसने के पीछे इरादों के बारे में पूछा।

# यौन उत्पीड़न के मामले में बुद्ध बॉय दोषी करार

▸▸ अब एक जुलाई को सुनाई जाएगी सजा

**एजेंसी**



**काठमांडू।** नेपाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो ने उसे इस साल काठमांडू के बाहरी इलाके में एक घर से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान उन्होंने 227,000 डॉलर मूल्य के नेपाली बैंक नोट और 23,000 डॉलर मूल्य की अन्य विदेशी मुद्राएं जब्त कीं।नेपाल की एक अदालत ने बुद्ध बॉय के नाम से मशहूर आध्यात्मिक नेता को यौन उत्पीड़न के आरोप में दोषी ठहराया।

बुद्ध बॉय के प्रचलित राम बहादुर बामजन को जनवरी में नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के के अलावा अपने चार भक्तों के गायब होने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। सरलाही जिला न्यायालय के एक जज ने उसे दोषी करार दिया। कोर्ट ने बताया कि सजा एक जुलाई क सुनाई जाएगी। 33 वर्षीय राम बहादुर बामजन को उसके भक्त गौतम बुद्ध का अवतार मानते हैं। उसके भक्तों का मानना है कि बुद्ध बॉय महीनों तक पानी, नींद और भोजन के बिना ध्यान कर सकता है। हालांकि, कुछ पत्रकारों ने उसे ध्यान के दौरान कुछ खाते और सोते हुए भी रिकॉर्ड किया था। 2010 में उसके खिलाफ दर्जनों हमले की शिकायतें दर्ज की गई थी। इस पर सफाई पेश करते हुए बुद्ध बॉय ने बताया था कि ध्यान के दौरान परेशान करने के कारण उसने अपने भक्तों को पीट दिया था। नेपाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो ने उसे इस साल काठमांडू के बाहरी इलाके में एक घर से गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान उन्होंने 227,000 डॉलर मूल्य के नेपाली बैंक नोट और 23,000 डॉलर मूल्य की अन्य विदेशी मुद्राएं जब्त कीं। इन आरोपों के बाद भी राम बहादुर बामजन के पास अभी भी भक्तों की एक बड़ी संख्या है। एक समय करीब दस हजार भक्त जंगल में उसके ध्यान के चमत्कार को देखने के लिए एकत्रित हुए थे। 16 साल की उम्र में वह नौ महीनों के लिए गायब हो गया था, जिसके बाद उसके भक्तों ने उसकी वापसी के लिए प्रार्थना की थी।

# हरकत से बाज नहीं आ रहा उत्तर कोरिया

▸▸ फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल; जापान के पीएम ने किया अलर्ट जारी

**एजेंसी**



**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल के जापान पहुंचने की संभावना नहीं है। लोगों को सतर्क रहने की जरूरत नहीं है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने मंगलवार सुबह एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल दागी। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी दी। कहा कि उत्तर कोरिया ने मंगलवार को संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए हैं। इसलिए देश में अलर्ट जारी किया जा रहा है। जापान पहुंचने की संभावना नहीं इस जानकारी के कुछ मिनट बाद ही जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक और ट्वीट किया। कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल के जापान पहुंचने की संभावना नहीं है। इसलिए अलर्ट हटाया जा रहा है। वहीं, पीएमओ ने लोगों से आग्रह भी किया कि किसी भी तरह की कोई जानकारी मिलने पर तुरंत सूचना दें। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को विमान और जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आकस्मिक स्थितियों के लिए सभी संभव उपाय करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि जानकारी जुटाने और उसका विश्लेषण करने का अधिक से अधिक प्रयास करें। साथ ही जनता से भी जानकारी जुटाएं। यह बात उत्तर कोरिया द्वारा बार-बार किए जा रहे मिसाइल हमलों के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया की बढ़ती चिंताओं के बीच कही गई है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने एक संयुक्त बयान में हिंद-प्रशांत जल क्षेत्र में यथास्थिति बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध किया था और उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक के इस्तेमाल से हाल ही में किए गए प्रक्षेपणों की कड़ी निंदा की थी।

## माइक्रोसॉफ्ट पर प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का आरोप

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय आयोग ने मंगलवार को माइक्रोसॉफ्ट पर अपने चैट और वीडियो ऐप टीम्स को अपने ऑफिस उत्पाद के साथ अवैध रूप से जोड़ने का आरोप लगाया है। यूरोपीय संघ की प्रतिस्पर्धा नियामक संस्था की नवीनतम कार्रवाई कार्यस्थल मैसेजिंग ऐप स्लैक की 2020 की शिकायत के बाद शुरू हुई, जिसका स्वामित्व सेल्सफोर्स के पास है।यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिस्पर्धा नियामक ने माइक्रोसॉफ्ट पर टीम्स एप के जरिये कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

अगर कंपनी इन आरोपों की दोषी पाई जाती है, तो इसके लिए अपने वैश्विक कारोबार के 10 फीसदी के बराबर जुर्माना राशि देनी पड़ सकती है।यूरोपीय आयोग ने मंगलवार को माइक्रोसॉफ्ट पर अपने चैट और वीडियो ऐप टीम्स को अपने ऑफिस उत्पाद के साथ अवैध रूप से जोड़ने का आरोप लगाया है।

# 27 जून की चुनावी बहस से पहले डोनाल्ड ट्रंप को आंशिक राहत

▸▸ फैसले में जज ने कहा- जूरी की सुरक्षा प्राथमिकता

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की एक अदालत से मिली आंशिक छूट के बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब खुलकर टिप्पणी कर सकेंगे। राष्ट्रपति चुनाव के लिए आयोजित होने वाली बहस से पहले उन्हें यह बड़ी राहत मिली है

न्यूयॉर्क की एक अदालत से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आंशिक राहत मिली। अदालत के फैसले के बाद ट्रंप अपने मामले में गवाही देने वाले माइकल कोहेने और स्टॉर्मी डेनियल से जुड़ी टिप्पणी कर सकेंगे। ये राहत इसलिए भी अहम है क्योंकि 27 जून को होने वाली चुनावी बहस में ट्रंप भाग लेंगे।

खबरों के मुताबिक अदालत से मिली राहत के बाद ट्रंप बहस के दौरान खुलकर टिप्पणी कर सकेंगे।गौरतलब है कि गुप्त धन से जुड़े आपराधिक मुकदमे में लगे प्रतिबंध आदेश (गैग ऑर्डर) को आंशिक रूप से हटाने के मामले में न्यूयॉर्क के अटॉर्नी अल्वीन ब्रैग (डी) का रूख अपवाद है। एक अन्य जज जुआन मर्चेन ने भी कहा है कि वे 11 जुलाई के फैसले के बाद प्रतिबंध हटाने पर विचार करेंगे। आंशिक रूप से हटाए जाने के बाद ट्रंप जूरी के सामने अपना पक्ष रख सकेंगे। इसी जूरी ने ट्रंप को पिछले महीने 34 आपराधिक आरोपों में दोषी ठहराया था। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप एक अन्य सुरक्षात्मक आदेश के तहत सार्वजनिक रूप से गवाहों की पहचान का खुलासा नहीं कर सकेंगे। द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिबंधों में राहत देते हुए जज मर्चेन ने कहा कि जूरी के सदस्यों को संरक्षण प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है।

# वार्षिक रिपोर्ट पर बहस में ठोस तथ्यों का अभाव

▸▸ अब यह रस्मअदायगी आम; यूएन के मंच पर भारत की टिप्पणी

**एजेंसी**



**न्यूयॉर्क।** भारतीय राजनयिक माथुर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर इस रिपोर्ट को बहुत गंभीरता से लेता है। हम सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट पर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिए जाने का स्वागत करते हैं।भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी, प्रकाश और विश्लेषण होना चाहिए, मगर आज रिपोर्ट पर बिना किसी तथ्य के बहस करना एक प्रथा बन गई है।संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के मंत्री प्रतीक माथुर ने वार्षिक रिपोर्ट पर यूएनजीए की चर्चा में यह बयान दिया। उन्होंने स्थायी और अस्थायी सदस्यों के विस्तार के साथ सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया।माथुर ने कहा, हम सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट पर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिए जाने का स्वागत करते हैं। हम सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के लिए सुरक्षा परिषद और सचिवालय के सदस्यों को धन्यवाद देते हैं। भारत 2025-2026 की अवधि के लिए परिषद में चुने गए नए सदस्यों को भी बधाई देता है। हम उनके साथ रचनात्मक और सकारात्मक तरीके से काम करने के लिए तत्पर हैं।भारतीय राजनयिक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर इस रिपोर्ट को बहुत गंभीरता से लेता है। जैसा कि इस तथ्य से स्पष्ट है कि इस तरह की रिपोर्ट को अनिवार्य बनाने के लिए एक अलग प्रावधान मौजूद है, न कि इसे अन्य संयुक्त राष्ट्र निकायों की रिपोर्टों के प्रावधान के साथ जोड़ दिया गया है।बिना तथ्य के बहस करना एक प्रथा...उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट में उन उपायों की जानकारी और विश्लेषण होना चाहिए, जो इसने समीक्षाधीन अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए उठाए हैं। प्रतीक माथुर ने आगे कहा, हालांकि वार्षिक रिपोर्ट पर बहस करना एक प्रथा बन गई है, जिसमें कोई खास तथ्य नहीं होता है। वार्षिक रिपोर्ट में बैठकें, उनमें हुईं चर्चाएं और चर्चाओं से जुड़े दस्तावेजों का विवरण शामिल है। पिछले साल केवल छह मासिक रिपोर्ट तैयार की गई थीं, जो इस प्रथा के बारे में सदस्यों के बीच रुचि की कमी को दर्शाती हैं।उन्होंने यह भी कहा कि वार्षिक रिपोर्ट का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों का विश्लेषण करना भी है, लेकिन वास्तव में शांति अभियानों के बारे में बहुत कम जानकारी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट को पूरा करने, उसे व्यापक महासभा सदस्यों तक पहुंचाने तथा उस पर बहस आयोजित करने के लिए एक निश्चित समय-सीमा होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि वार्षिक रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों पर एक विश्लेषण भी है, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए प्रमुख दस्तावेज है।

# पाकिस्तान ने भारत की ओर बढ़ाया दोस्ती का हाथ

▸▸ कहा- निरंतर शत्रुता में विश्वास नहीं करते

**एजेंसी**

**पाकिस्तान।** उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान अपने पड़ोसी देशों के साथ हमेशा मित्रतापूर्ण संबंधों का हिमायती रहा है। इतिहास में हमारे भारत के साथ संबंध अशांत रहे हैं। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार (74) ने मंगलवार को भारत को दोस्ती का संदेश दिया। उन्होंने कहा, उनका देश निरंतर शत्रुता में विश्वास नहीं करता है। डार ने नई दिल्ली में नई सरकार से इस्लामाबाद के साथ अपने संबंधों पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया।इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटजिक डीजइस्लामाबाद( आईएसए सआई) में एक सेमिनार में पीएमएल-एन नेता ने कहा कि पाकिस्तान अपने पड़ोसी देशों के साथ हमेशा मित्रतापूर्ण संबंधों का हिमायती रहा है। इतिहास में हमारे भारत के साथ संबंध अशांत रहे हैं। डार ने कहा, हम आपसी सम्मान, संप्रभुता, लंबे समय से चले आ रहे जम्मू-कश्मीर विवाद के न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाधान के आधार पर भारत के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध चाहते हैं। पाकिस्तान हमेशा बातचीत के माध्यम से सभी लंबित मुद्दों को हल करना चाहता है। वह कभी भारत के एकतरफा दृष्टिकोण, इच्छा या आधिपत्य को लागू करने के प्रयासों पर सहमत नहीं होगा। हम भारत की हिंदूवादी सरकार के बिना सोचे समझे सैन्य दुस्साहस का निर्णायक जवाब देंगे।डार ने कहा, दक्षिण एशिया मानवता के पांचवें हिस्से से अधिक का घर है। यह क्षेत्र गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, बीमारी, खाद्य असुरक्षा, पानी की कमी, प्राकृतिक आपदाओं, पर्यावरणीय गिरावट ।



# दोबारा ऑपेरशन होगा, जड़ से खत्म नहीं

**मुंबई।** देबीना बनर्जी ने टीवी की बेबाक एक्ट्रेस रही हैं। उन्होंने अपनी पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक खुलकर बात की है। साल 2022 में देबीना ने आईवीएफ के जरिए 7 महीने के अंतराल में ही दो बेटियों- लियाना और दिविशा को जन्म दिया था। इसके लिए वह खूब ट्रोल भी हुई थीं। उन्होंने न सिर्फ ट्रोल को जबाव दिया बल्कि प्रेग्नेंसी जर्नी और इस दौरान होने वाली परेशानियों के बारे में भी खुलकर बात की। देबीना को लियाना के जन्म से कुछ साल पहले एंडोमेट्रियोसिस नाम की बीमारी का पता चला था, जो ठीक हो गई थी और अब एक बार फिर से एक्ट्रेस इस बीमारी से जूझ रही हैं।

एंडोमेट्रियोसिस में यूटराइन कैविटी (गर्भाशय गुहा) के बाहर एंडोमेट्रियल टिशु बढ़ने लगता है। इसमें बहुत ज्यादा दर्द और ब्लडिंग हो सकती है। देबीना बनर्जी ने इस बीमारी का इलाज करवाया है, लेकिन हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि यह फिर से उभर आया है। देबिना ने अपने व्लॉग में बताया कि उन्हें पूरे दिन काम करने का मन नहीं करता।

देबीना बनर्जी कहती हैं, एंडोमेट्रियोसिस ऐसी चीज है जो आपका पीछा कभी नहीं छोड़ता। एक छोटा सा ऑपरेशन होना है। उस ऑपरेशन के बाद, आप कुछ समय के लिए बेहतर महसूस कर सकते हैं, लेकिन यह फिर से हो जाता है। मैं कोई दवा नहीं लेती। मैं कोई पेन किल मेडिसिन नहीं खाती हूं।

### देबीना बनर्जी को ग्रेड 4 एंडोमेट्रियोसिस

देबीना बनर्जी ने आगे बताया कि इस बीमारी के कारण उन्हें बहुत तेज और ज्यादा पीरियड्स पैन होता है। पहले बच्चे के जन्म से कुछ साल पहले उन्हें पीरियड्स के दौरान दर्द होने लगा। उन्होंने कहा, ÷जब मेरे इनफर्टिलिटी ट्रीटमेंट का इलाज शुरू हुआ, तो मुझे पता चला कि मुझे एंडोमेट्रियोसिस और एडेनोमायसिस है। इसमें यूट्रस की वॉल और यूट्रस के बाहर टिशुज का असामान्य तरीक से बढ़ता है। डॉक्टर ने बताया कि मुझे ग्रेड 4 एंडोमेट्रियोसिस और एडेनोमायसिस है।÷

### देबीना बनर्जी को 2-3 महीने से हो रहा है दर्द

देबीना बनर्जी ने बताया कि हाल ही में, दर्द फिर से वापस आ गया है और वह पिछले 2-3 महीनों से इसे फील कर रही हैं। उन्होंने बताया कि यह बर्दाश्त के बाहर हो गया है। इसकी वजह से उन्हें घर पर रहने और आराम करने से डर लगता है, क्योंकि इससे उसे दर्द और अधिक महसूस होगा।





# दीदी के जन्मदिन पर बेबो ने दिखाया 50 साल का सफर

मुंबई। 90 के दशक की खूबसूरत अदाकारा करिश्मा कपूर आज 25 जून को 50 साल की हो गई हैं। इस खास दिन पर उन्हें हर तरफ ले शुभकामनाएं मिल रही हैं। हाल ही में करिश्मा की छोटी बहन-बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर ने उनके अब तक के खास सफर की झलक दिखाई है और उन्हें बर्थडे विश किया है। इसके लिए बेबो ने सोशल मीडिया का सहारा लिया है।

करीना कपूर ने मंगलवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम करिश्मा कपूर का एक प्यारा वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में करिश्मा के बचपन से लेकर अब तक का सफर दिखाया गया है। पुरानी यादों को ताजा करते हुए बेबो ने अपनी बड़ी बहन को बर्थडे विश किया है।

उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लाल दिल वाले इमोजी के साथ लिखा है, मेरी अल्टीमेट हीरो हैप्पी बर्थडे। 50 का मतलब है 30 साल की लड़की। बिग ब्रेकफास्ट, ढेर सारी कॉफी और एपेरोल, शानदार बैग, मेरे साथ लंबी बातचीत, हंसी-मजाक और डांस, चाइनीज खाना, और हमेशा अपने दोनों बच्चों के साथ रहना। मैं यही कामना करती हूं तुम्हारे लिए। लोलो का बर्थडे। करीना के पोस्ट पर उनकी बेस्टी का रिएक्शन आया है। अमृता अरोड़ा ने कैप्शन में लाल दिल वाला इमोजीज छोड़ा है। वहीं, रिद्धिमा ने भी पोस्ट पर प्यार बरसाया है। वहीं, अन्य फैंस ने भी करिश्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

करिश्मा कपूर काफी समय से स्क्रीन से दूर रही है। हाल ही में उन्होंने होमी अदजानिया की फिल्म मर्डर मुबारक से अपना ओटीटी डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने शहनाज नूरानी की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में उनके किरदार को काफी पसंद किया था।

करिश्मा कपूर ने 90 के दशक की सबसे खूबसूरत हसीनाओं में से एक थीं। उन्होंने अपनी फिल्म करियर में कई सुपरहिट्स फिल्में दी हैं। ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद उन्होंने अपने व्यस्त शेड्यूल से ब्रेक लेने और लाइमलाइट से दूर रहने का फैसला किया था।

# बेबीमून मनाकर मुंबई लौटीं दीपिका पादुकोण



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी पीरियड को एंजॉय कर रही हैं। बहुत जल्द वह मां बनने वाली हैं। हाल ही में वह पति रणवीर सिंह के साथ बेबीमून सेलिब्रेट करने के लिए लंदन गई थीं, जहां से कपल एंजॉय कर भारत वापस लौट आया है। बीती रात मुंबई में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह स्पॉट हुए। दोनों का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि मुंबई एयरपोर्ट पर दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ब्लैक आउटफिट्स में नजर आ रहे हैं।

दीपिका ने ब्लैक कलर का बॉडी फिटिंग टॉप पहना है, जिसे उन्होंने मैचिंग कलर की जैकेट और पैंट के साथ पेयर किया है। वहीं, रणवीर सिंह ने व्हाइट टी-शर्ट पहनी है। इसके अलावा वह जैकेट और पैंट पहने हुए दिख रहे हैं। एयरपोर्ट से बाहर निकलते वक्त दोनों एक-दूजे का हाथ थामे हुए नजर आए। दीपिका पादुकोण ने अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया।


**दीपिका पादुकोण के चेहरे पर दिखा प्रेग्नेंसी ग्लो:** पति रणवीर सिंह के साथ लंदन में बेबीमून सेलिब्रेट करने के बाद मुंबई वापस लौटने पर दीपिका पादुकोण बहुत खुश नजर आईं। उनके चेहरे में प्रेग्नेंसी ग्लो साफ देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंसी के छठे महीने में हैं। प्रेग्नेंसी के बाद दीपिका पादुकोण पब्लिकली बहुत कम नजर आई हैं। हाल ही में उन्होंने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस जॉइन की थी, जिसमें 'कल्कि 2898 एडी' की स्टार कास्ट के साथ पूरी टीम नजर आई। इस दौरान उन्होंने अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया था।

**रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है 'कल्कि 2898 एडी':** वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण साउथ फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में नजर आएंगी। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म में भी वह प्रेग्नेंट महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसकी झलक ट्रेलर में देखने को मिल चुकी है। दीपिका के अलावा अलावा प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पाटनी भी फिल्म का हिस्सा हैं। ये मूवी 27 जून, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# कोई भी हैम्पर जीतने के लायक नहीं था

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण' का अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। करण के लेटेस्ट इंटव्यू को जानकर पक्का उनके फैंस इस बात से लिए जरूर खुश होंगे कि करण ने जो कहा है वह वाकई में बेहद सही कहा है। इसके साथ ही फैंस ने कहा कि आने वाले एपिसोड में वह दोबारा वैसी गलती नहीं करेंगे। करण ने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने ये बातें सुचित्रा त्यागी के साथ पॉडकास्ट में बात करते हुए बताया। करण ने कहा - मैं सोच रहा था, 'मैं यह सब क्यों कर रहा हूं?' आप मुझे सवाल नहीं दे रहे हैं। क्या हमें रैपिड फायर छोड़ देना चाहिए और मैं हैम्पर



ले लूंगा क्योंकि कोई भी वास्तव में इसे जीतने का लायक नहीं है। अब, मैं सोच रहा हूं कि चलो नौवें सीज़न के साथ कॉफ़ी विद करण की दुनिया को बदल दें और यह पूरी मस्ती और बातचीत के साथ वापस आएगा।

**डायरेक्टर महेश भट्ट खुलकर रखते हैं अपनी बात:** निर्देशक करण जौहर ने ने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे। लेकिन मुझे लगता है कि मैं मुश्किल में पड़ जाऊंगा।'

**आठवें सीजन में ये सितारे बने थे मेहमान:** याद दिला दें कि चैट शो का आठवां सीजन 2023 में आया था। आठवें सीजन में रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण पहले मेहमान थे। इसके बाद आलिया भट्ट, करीना कपूर, सैफ अली खान, शर्मिला टैगोर, सनी देओल, बॉबी देओल, रानी मुखर्जी, काजोल, सारा अली खान, अनन्या पांडे, जाह्नवी कपूर और कुशी कपूर जैसी अन्य हस्तियां भी इस शो में शामिल हुईं।

# स्त्री 2 का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** साल 2018 में आई मैडॉक फिल्म्स की 'स्त्री' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब हंगामा मचाया था। दर्शकों को यह फिल्म इतनी पसंद आई थी कि रिलीज के साथ यह फिल्म सिनेमाघरों में छा गई थी। वहीं, 23 करोड़ की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 180।76 करोड़ की कमाई की थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट भी 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है।

इसी बीच, मेकर्स ने फिल्म का टीजर भी रिलीज कर दिया है, जिसे देखने के बाद साफ पता चलता है कि इस बार भी फिल्म में कॉमेडी के साथ-साथ हॉरर का भी कॉम्बो मिलने वाला है। इस बार फिल्म में स्त्री के लिए स्लोगन भी बदल चुका है। दूसरे पार्ट में आपको सभी जगह ये लिखा मिलेगा- 'ओ स्त्री रक्षा करना'। मैडॉक फिल्म्स के इंस्टा पर शेयर करते ही टीजर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा है। फिल्म में एक बार फिर राजकुमार राव के साथ श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी की जोड़ी साथ नजर आने वाली है।

बता दें, 'स्त्री 2' को अमर कौशिक ने डायरेक्ट किया है और मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियो के बैनर तले दिनेश विजान ने इसे प्रोड्यूस किया है। बताया जा रहा है कि फिल्म में वरुण धवन कैमियो करते दिखाई देंगे। वहीं, तमन्ना भाटिया भी स्पेशल अपीयरेंस में होंगी।

गौरतलब है कि 'स्त्री 2' की रिलीज डेट पहले 30 अगस्त रखी गई थी, लेकिन अब यह 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इसका सामना अक्षय कुमार की फिल्म 'खेल खेल में' से होगा। इसके अलावा जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा' भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

